


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

बेचना है

मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें जवाहर मार्केट
फ्रेंड्स कलेक्शन
930144443

वर्ष- 15 अंक - 158 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 21 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### सुकमा जिले में खतरनाक नक्सली सम्मैया सोड़ी ने किया आत्मसमर्पण, आठ लाख का इनाम था घोषित

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली रोशन उर्फ सम्मैया सोड़ी (30) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सुकमा जिले के बुर्कालंका में रहने वाले नक्सली ने नक्सलियों की विचारधारा से त्रस्त होकर संगठन को छोड़ते हुए पुलिस के मुख्यधारा में आकर आत्मसमपर्ण कर दिया, समर्पित नक्सली के ऊपर 8 लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। वह वर्ष 2008 से 2009 तक ग्राम बुर्कलंका जीआरडी मिलिशिया सदस्य रहा है। इसके अलावा वह वर्ष 2010 जनवरी माह जून तक पालाचलमा एलओएस सदस्य रहा। जिसके बाद वह वर्ष 2010 जूलाई से 2011 तक आंध्रा-ओड़िशा बॉर्डर (एओबी) जुड़ा रहा। वहीं, वर्ष 2012 के माह अगस्त से अब-तक सीआरसी कंपनी नंबर 2 का (पीपीसीएम) का सदस्य रहा।

रोशन वर्ष 2015 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत थाना भैरमगढ़ के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। वर्ष 2016 में थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत बोट्टेतोंग के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। इस मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गये थे। वर्ष 2018 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत थाना उसूर के ग्राम पुजारीकांकेर पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मे शामिल था। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गये थे। वर्ष 2021 में जिला बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत सुकमा के सीमावर्ती ग्राम टेकलगुड़ा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था।


# 4 सीटों पर खेल बिगाड़ते हैं दीगर दल!

## ■ जांजगीर में बसपा तो बस्तर-कांकेर में सीपीआई से गड़बड़ाता रहा है नतीजों का गणित

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। आमजन में इस बात की चर्चा शुरू हो चुकी है उनकी लोकसभा सीट से सांसद कौन होगा? किस पार्टी का कौन प्रत्याशी किसका वोट काटेगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ की 4 लोकसभा सीट ऐसी है, जहां से बसपा, गोंगपा और सीपीआई के प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस की जीत हार को तय करते आए हैं। मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य के बनने के बाद लोकसभा के चार चुनाव हुए है जिसमे बीजेपी ने अधिकतम 10 सीट जीती है तो कांग्रेस ने अधिकतम 2 सीट पर जीत दर्ज की है। हालांकि छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होता आया है। उसके बावजूद प्रदेश की चार लोकसभा सीट में बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोगपा) और सीपीआई, बीजेपी और कांग्रेस के जीत हार में अपनी बड़ी भूमिका दर्ज कराती रही है। जांजगीर लोकसभा सीट पर राज्य बनने के बाद अब तक 4 चुनाव हुए हैं। अगर बीते तीन चुनाव का ट्रेंड देखें तो बसपा को जितने वोट मिले अगर वो वोट कांग्रेस को मिल जाते तो कांग्रेस इस सीट से जीत जाती।

छत्तीसगढ़ की राजनीतिक फिजां कभी भी तीसरे दल के अनुकूल नहीं रही है। इसका प्रमाण यह है कि यहां अपवादों को छोड़ दें तो कभी भी भाजपा व कांग्रेस के अलावा तीसरे दल का सांसद निर्वाचित नहीं हुआ। कई क्षेत्रीय या स्थानीय दलों ने हालांकि अपने स्तर पर काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नगण्य रही। शायद यही वजह है कि कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों दलों का मानना रहा है कि राज्य में तीसरे मोर्चा की मौजूदगी से कोई फर्क नहीं पड़ता। दरअसल, राज्य में कांग्रेस और भाजपा के बीच ही सीधा मुकाबला होता आया है। लेकिन यह भी हकीकत है कि कोरबा, जांजगीर, बस्तर और कांकेर जैसी सीटों पर तीसरे दल की मौजूदगी का असर साफ तौर पर देखा जाता रहा है। इन सीटों पर बसपा, सीपीआई और गोंगपा जैसे दल भाजपा व कांग्रेस का गणित बिगाड़ते रहे हैं। इस बार भी इसकी गुंजाइश बनी हुई है।



### जांजगीर में बसपा का जनाधार

2009 लोकसभा चुनाव में बीजेपी की कमला देवी पाटले को 40.96 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस के शिवकुमार डहरिया को 29 प्रतिशत वोट मिले। इसके अलावा बसपा के दाऊराम रत्नाकर को 23.86 प्रतिशत मत मिले थे। अगर कांग्रेस और बसपा के वोट जोड़ दिए जाएं, तो ये करीब 53 प्रतिशत हो जाता है। ऐसा होने पर कांग्रेस जीत जाती। लेकिन, बसपा के खेल बिगाड़ने की वजह से कांग्रेस पार्टी इस सीट से हार गई। 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा की कमला देवी फिर मैदान में थी। उन्हें 41.59 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस के प्रेमचंद जायसी 27.57 प्रतिशत वोट हासिल कर हार गए। वहीं, बसपा से फिर दाऊराम रत्नाकर को 10.07 प्रतिशत वोट मिले। हालांकि, इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच के जीत का अंतर इतना ज्यादा था कि अगर बसपा कांग्रेस के साथ भी आ जाती तब भी भाजपा को हरा नहीं पाती। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुहाराम अजगले को मैदान में उतरा था। तब मोदी लहर उन्हें 45.91 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस के रवि भारद्वाज को 39.24 प्रतिशत मत मिले। वहीं, बसपा से एक बार फिर दाऊराम रत्नाकर मैदान में थे। इस बार भी उन्हें 10.7 प्रतिशत वोट मिले। 2019 में बसपा ने ही यहां कांग्रेस का खेल बिगाड़ दिया था। अगर बसपा के वोट कांग्रेस को मिल जाते तो यहां से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित थी।

### कांकेर में कांग्रेस को कई बार मिली हार

कांकेर लोकसभा सीट पर बीते 2009, 2014 और 2019 चुनाव में बसपा सीपीआई और निर्दलीय ने जीत हार के समीकरण को बिगाड़ने का काम किया है। 2009 में बीजेपी के सोहन पोटाइ 45.99 प्रतिशत मत मिले थे, जबकि कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम को 43.39 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं, निर्दलीय मायाराम नेताम को 2.82 प्रतिशत मत मिले। इस प्रकार निर्दलीय के मैदान में होने से कांग्रेस ये चुनाव हार गई। 2014 में बीजेपी के विक्रम उसेंडी को 40.13 प्रतिशत मत मिले और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम को 37.1 प्रतिशत मत मिले। वहीं सीपीआई ने 2.03 प्रतिशत मत हासिल किए। 2019 के चुनाव में बीजेपी के मोहन मंडावी को 47.12 प्रतिशत वोट मिले और कांग्रेस के बिरेश ठाकुर को 46.53 प्रतिशत वोट मिले। इसके अलावा बसपा के प्रत्याशी को एक प्रतिशत से कम वोट मिले। अगर ये वोट कांग्रेस को मिल जाते, तो कांग्रेस के बिरेश ठाकुर जीत जाते।

### कोरबा का समीकरण गोंगपा पर निर्भर

कोरबा लोकसभा सीट से वर्तमान में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत सांसद हैं। कोरबा का समीकरण गोंगपा के वोटों पर निर्भर होता है। 2009 में कांग्रेस के चरणदास महंत को 42.20 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बीजेपी की करुणा शुक्ला को 39.41 वोट मिले और गोंगपा के हीरा सिंह मरकाम को 4.42 प्रतिशत वोट मिले। गोंगपा के वोट अगर बीजेपी को मिलते, तो भाजपा ये सीट भी जीत लेती। वहीं, 2014 के चुनाव में बीजेपी के बंशीलाल महतो को 38.61 प्रतिशत मत मिले और कांग्रेस के चरणदास महंत को 38.24 प्रतिशत मत मिले। इसके अलावा, गोंगपा के हीरा सिंह मरकाम को 4.64 प्रतिशत मत मिले। इस बार गोंगपा के मतों से बीजेपी को फायदा हुआ और कांग्रेस हार गई। 2019 में कांग्रेस की ज्योत्सना महंत को 46.03 प्रतिशत मत मिले, जबकि बीजेपी के ज्योतिनंद दुबे को 43.72 प्रतिशत मिले। वहीं, गोंगपा ने 3.29 प्रतिशत मत हासिल किए। गोंगपा का मत बीजेपी में जाता तो बीजेपी इस सीट को जीत सकती थी।

### बस्तर में सीपीआई का जलवा

बस्तर में कांग्रेस और भाजपा के साथ ही सीपीआई का प्रत्याशी मैदान में रहा है। 2009 में चुनाव जीतने वाले भाजपा के बलिराम कश्यप को 44.16 प्रतिशत तो कांग्रेस प्रत्याशी को 26.46 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी को 13.89 फीसदी वोट मिले थे। यहां अगर सीपीआई नहीं होती तो इस चुनाव में कांग्रेस की जीत पक्की हो जाती। 2014 में बीजेपी के दिनेश कश्यप को 42.27 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के दीपक कर्मा को 28.64 फीसदी मत मिले। वहीं, सीपीआई के बिमला सोरी को 3.71 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि इस बार कांग्रेस और भाजपा की जीत में अंतर इतना ज्यादा था कि अगर सीपीआई के वोट भी कांग्रेस को मिल जाते तो भी कांग्रेस के प्रत्याशी जीत नहीं पाते। इसी तरह 2019 में कांग्रेस के दीपक बैज को 44.1 प्रतिशत मत मिले, जबकि बीजेपी के बेदुराम कश्यप को 39.83 प्रतिशत मत हासिल हुए। सीपीआई के रामुराम मौर्य को 4.21 प्रतिशत मत मिले। इस प्रकार इन तीनों चुनाव में देखे तो सीपीआई ने एक बार बीजेपी और एक बार कांग्रेस का खेल बिगाड़ा।

## 2 साल बीत जाने के बाद भी अब तक शव लेने अस्पताल नहीं पहुंचे परिजन, कंकाल में बदल गई तीनों बॉडी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में आज भी तीन ऐसे मुर्दे हैं जो अपनी पहचान और अपने अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहे हैं। कोरोनाकाल के दौरान बनाए गए नियम की वजह से आज तक इन शवों का अंतिम संस्कार तक नहीं किया गया है। सालों से अंतिम संस्कार के इंतजार में मुर्दाघर में रखें शव अब कंकाल में बदल गए हैं। 2 साल बीत जाने के बाद ना ही आज तक इनके कोई परिजन इन्हें ढूंढते हुए आए और ना ही अस्पताल के द्वारा इन तीनों के अंतिम संस्कार को लेकर लगाई गई अर्जियों का जवाब सरकार की तरफसे आया है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा के मुर्दाघर में साल 2021 से लेकर अब तक 3 शव रखे हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी मौत कोरोना संक्रमण से हुई थी। यही वजह थी कि कोरोना गाइडलाइन के अनुसार इनका अंतिम संस्कार किया जाना था। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा यह तीनों कोरोना संक्रमितों के शव का अज्ञात बताते हुए मुर्दाघर में रख कर इनके परिजनों का इंतजार किया जा रहा है। जब समय बीत जाने के बाद इन तीनों के शव को लेने कोई परिजन सामने नहीं आया उसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने शासन को पत्र लिखकर अंतिम संस्कार करने की मांग की थी। लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी इस पर कोई जवाब नहीं आया है। आज यह तीनों शव कंकाल में बदल गए हैं।

## बदायूं हत्याकांड : बरेली से पकड़ाया दूसरा आरोपी जावेद, पुलिस के डर से थाने में किया सरेंडर

**बदायूं (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में दिल दहला देने वाले हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपी जावेद को भी दबोच लिया है। हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे जावेद की तलाश में पुलिस ने कई टीमें लगा दी थी। पुलिस के डर से आरोपी जावेद ने खुद थाने पहुंचकर सरेंडर किया। सरेंडर करने से पहले एक वीडियो भी जारी जिसमें वह कह रहा है कि उसने कुछ नहीं किया सबकुछ उसके भाई साजिद ने किया था। जावेद के गिरफ्तार होने के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि हत्या की वजह का खुलासा हो सकेगा। जावेद पर 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा गया था।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को मंडी समिति पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर स्थित बाबा कॉलोनी में एक ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों आयुष (13) और अहान (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। ठेकेदार के मकान के सामने हेयर सैलून चलाने वाले साजिद ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के तीन घंटे के बाद पुलिस ने मौके से करीब दो किमी दूर घेराबंदी कर आरोपी साजिद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। मुठभेड़ में इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई भी घायल हुए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।



बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद वहां की बारादरी पुलिस चौकी में खुद को सरेंडर करने पहुंचा था इसके बाद वीडियो भी जारी किया। वीडियो में एक युवक ऑटो में बैठा दिखाई दे रहा है। वह अपना नाम जावेद बता रहा है। वह कहता है कि उसने कुछ नहीं किया है। जो कुछ भी किया है, उसके बड़े भाई ने किया है। पुलिस जावेद से पूछताछ कर रही है।

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, शराब के नशे में था ड्राइवर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बुधवार आधीरात को सुपेला थाना क्षेत्र में पिकअप चालक ने स्कूटी सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक शराब के नशे में था। घटना की सूचना के बाद सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल भेजा गया। वहीं घायल का इलाज जारी है। इस मामले में सुपेला पुलिस पिकअप चालक की तलाश कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार देर रात 10 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। कैंप एक निवासी मणिराम अपने साथी रूपराम के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 07 एलएम 0844 पर गदा चौक से कोहका की ओर जा रहा था। दोनों सद्भावना चौक पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार पिकअप (सीजी 07 सीजे 9359) ने जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर के कारण स्कूटी चला रहे मणिराम के सिर पर गहरी चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में रूपराम साहू घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार मृतक मणिराम केटरिंग का काम करता है और बुधवार की रात को अपने साथी छावनी निवासी रूपराम के साथ स्कूटी से टेंट हाउस का सामान छोड़ने जा रहा था। जिस पिकअप ने इनकी स्कूटी को ठोकर मारी वह सब्जियां सप्लाई में लगी थी। देर रात हादसे के बाद आसपास के लोग काफी आक्रोशित हो गए। पिकअप चालक काफी नशे में था और स्कूटी को ठोकर मारने से पहले उसने एक बाइक सवार को भी चपेट में लिया था हालांकि बाइक सवार को चोट नहीं आई।

बाइक को ठोकर मारने के बाद भागने के चक्कर में स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों के डर से वह पिकअप छोड़कर वह फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सुपेला की पुलिस मौके पर पहुंची और पहले भीड़ को हटाया। इसके बाद मणिराम के शव को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा गया। वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के मृतक के परिजनों में मातम का माहौल है। परिवार का एकलौता कमाने वाला था और उसकी मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट आ गया।

## कभी भस्म नहीं होता भस्मासुर

श्रीकंचनपथ




धरती पर सबसे ज्यादा ताकतवर बनने की इच्छा ही वह आसुरी प्रवृत्ति है जिसका भारतीय शास्त्रों में बार-बार अंत होता दिखाया गया है। रावण से लेकर भस्मासुर तक सभी शिवजी की आराधना करते थे। उनकी तपस्या के आगे शिवजी को बार-बार नतमस्तक होना पड़ा और उन्हें उनके द्वारा मांगा गया वरदान भी देना पड़ा। रावण ने तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली। शिवजी को संतुष्ट करने के लिए रावण ने अपनी नसों से रुद्रवीणा का निर्माण किया था। इसी रावण ने अपनी तपस्या के बल पर शिवजी को कैलाश से लंका ले जाने की भी चेष्टा की। पर भस्मासुर इससे अलग था। उसने अपनी तपस्या से शिवजी को प्रसन्न कर लिया। उसने शिवजी से यह वरदान प्राप्त कर लिया कि वह जिसके भी सिर पर हाथ रखे वह भस्म हो जाए। शिवजी ने तथास्तु कह दिया। इसके बाद भस्मासुर ने सभी को भस्म करने का महाताण्डव प्रारंभ कर दिया। फिर एक दिन ऐसा आया जब उसने शिवजी को ही भस्म कर देने की ठान ली। शायद उसे लगा होगा कि शिवजी तो शिवजी हैं, अपने भोलेपन में वह कहीं इससे भी ज्यादा शक्तिशाली वरदान किसी और असुर को न दे दें। तब शिवजी की रक्षा करने के लिए एक बार फिर भगवान विष्णु को आना पड़ा। उन्होंने मोहिनी रूप धारण किया और लगे भस्मासुर को रिझाने। भस्मासुर उनके रूप जाल में ऐसा फंसा कि नृत्य में उनका अनुकरण करने लगा। नाचते-नाचते मोहिनी ने अपने सिर पर हाथ रख लिया। भस्मासुर ने ऐसा किया तो स्वयं भस्म हो गया। सोशल मीडिया भी आज ऐसे ही दौर से गुजर रही है। इसपर कुछ ऐसे शातिर दिमागों ने कब्जा कर लिया है जिनका मस्तिष्क आने वाले समय में म्यूजियम में रखा जा सकेगा। मीडिया जगत इन्हें ट्रोल सेना कहती है। ट्रोल सेना जब किसी भी व्यक्ति को घेरती है तो उसकी तिक्का-बोटी कर देती है। इन्हें न तो किसी के व्यक्तिगत अधिकारों की परवाह होती है, न किसी की निजता से इनका कोई वास्ता होता है। मानहानि जैसे कानूनों की तो वो कतई परवाह नहीं करती। जीवित-मृतक सभी लोग इनके निशाने पर होते हैं। आईटी टूल्स पर इनका दखल इतना जबरदस्त है कि ये जब चाहें, देश के प्रधान न्यायाधीश तक के कूटरचित वीडियो बनाकर उसपर खेल जाते हैं। कोई इनका बाल भी बांका नहीं कर पाता। ये आते हैं, ट्रोल करते हैं और मामला उलटा पड़ जाए तो पोस्ट डिलिट कर गुमनामी के अंधेरे में खो जाते हैं। जिस तरह पुराणों में शिवजी को सर्वशक्तिमान माना गया है, उसी तरह लोकतंत्र में जनता को सर्वशक्तिमान समझा जाता है। दोनों ही शिव हैं और वरदान देने के लिए बाध्य हैं। दोनों ही अपने भोलेपन के लिए जाने जाते हैं। इनके भोलेपन का फायदा उठाकर आसुरी शक्तियां इनके साथ छल करती हैं। शिवजी को बचाने के लिए भगवान विष्णु बार-बार हस्तक्षेप करते हैं। क्या न्यायपालिका से भी ऐसी उम्मीद रखी जा सकती है?



## संपादकीय

# कुनबे की सियासत

**केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के मंत्रीमंडल से इस्तीफे की खबर जिस समय आई, लगभग उसी वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा...**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के मंत्रीमंडल से इस्तीफे की खबर जिस समय आई, लगभग उसी वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा का दामन थामने की भी सूचना आई। ये दोनों खबरें बिहार-झारखंड में राजनीतिक नफे-नुकसान से ज्यादा सियासी खानदानों के अंतःपुर में महत्वाकांक्षाओं की भिड़ंत की ही मुनादी करती हैं।

> झारखंड के सोरेन परिवार की कहानी इससे अलग नहीं है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद जब वहां मुख्यमंत्री पद की दौड़ में उनकी पत्नी कल्पना का नाम उछला, तभी यह खबर भी आई थी कि सीता सोरेन इसके खिलाफहैं, तब शिबू-हेमंत सोरेन के भरोसेमंद सहयोगी व पार्टी के वरिष्ठ विधायक चंपई सोरेन के नाम पर सहमति बनी थी और परिवार में बगावत की आवाज दब गई थी, मगर अब सीता सोरेन ने झामुमो का दामन झटककर साफकर दिया है कि वह महज कयासबाजी नहीं थी। बहरहाल, सीता के इस फैसले से हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और जेल पर सहानुभूति वोट बटोरने की झामुमो व इंडिया ब्लॉक की रणनीति को झटका लगेगा, क्योंकि स्वाभाविक ही सीता अब सोरेन परिवार में अपने साथ नाइंसाफी को मुद्दा बनाएंगी।

विडंबना यह है कि बड़े राजनीतिक दल भी ऐसे परिवारों के ईर्द-गिर्द अपने लिए संभावनाएं तलाशने के आदी हो चले हैं। यही कारण है कि एक गठबंधन को छोड़ने के बाद ये दूसरे गठजोड़ में आसानी से वही मुकाम हासिल कर लेते हैं। पशुपति कुमार पारस को आज शिकायत है कि एनडीए में उनके साथ नाइंसाफी हुई है, मगर यह सवाल उन्हें खुद से पूछना चाहिए कि आखिर उनके साथी सांसद चिराग पासवान के यहां क्यों हाजिरी लगा रहे थे? दरअसल, वे जानते थे कि सत्ता-संघर्ष में पारस ने भले मंत्री पद हासिल कर लिया हो, मगर अवाम के बीच चिराग ही सक्रिय रहे हैं और उनकी सभाओं में उमड़ती भीड़ को एनडीए व भाजपा का नेतृत्व नजरंदाज नहीं कर सकेगा। तब तो और, जब बिहार में एनडीए के सामने अपनी सीटें बचाने की बड़ी चुनौती है! पिछले चुनाव में इस गठजोड़ के पास 40 में से 39 सीटें थीं।

भारतीय लोकतंत्र की यह कटु सच्चाई है कि मतदाताओं ने ही इन परिवारों को मान्यता दी है और यही कारण है कि जो राजनेता या राजनीतिक पार्टियां सार्वजनिक तौर पर परिवारवाद की आलोचना करती हैं, वे भी इनकी शरण में जाने से नहीं कतरातीं। मगर पशुपति पारस हों, सीता सोरेन हों या राज ठाकरे हों, वे परिवार की विरासत का लाभ तो उठाना चाहते हैं, मगर भूल जाते हैं कि राजनीतिक वारिस के चयन का अधिकार जनता ने राजनीतिक दलों को नहीं सौंपा है, बल्कि अपने पास रखा है, और वह सिर्फ खानदान का सदस्य होने मात्र से किसी को संसद या विधानसभा में बार-बार नहीं भेजती, उस सदस्य की निजी शख्सियत का भी समान रूप से आकलन करती है। आजादी के बाद राज्य-दर-राज्य जिन परिवारों ने अपनी मजबूत राजनीतिक पहचान बनाई है, उनके संघर्षशील सदस्य ही अपनी विरासत को आगे ले जा सके हैं, अन्यथा जनता द्वारा नकारे गए राजनीतिक परिवारों की संख्या भी कोई कम नहीं है। इसलिए मौजूदा दौर में परिवारवाद से ज्यादा चिंता की बात मौकापरस्त राजनीति है। इसमें सिर्फ सत्ता या कुरसी ही महत्वपूर्ण लक्ष्य है, सामाजिक-संस्थागत बदलाव की राजनीति लगातार पिछड़ती जा रही है, इसीलिए बगावतें भी मूल्यों को लेकर नहीं, पदों से प्रेरित होने लगी हैं।

# नकली व घटिया दवाओं का हो असली इलाज

चंद्रकांत लहारिया,
वरिष्ठ चिकित्सक


शायद ही कोई सप्ताह ऐसा गुजरता हो, जब हम भारत में नकली या घटिया दवाओं के बारे में न सुनते हों। मार्च के पहले हफ्ते में तेलंगाना से नकली दवाओं की जब्ती की खबर आई थी। वे सिर्फ नकली दवाएं ही नहीं थीं, बल्कि जिस कंपनी का नाम सामने आया था, वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं थी। कहने की जरूरत नहीं कि दवा में कोई उपयोगी घटक नहीं था और वे केवल चॉक पाउडर और स्टार्च थे।

भारत में नकली या घटिया दवाओं का प्रचलन जन-स्वास्थ्य के लिहाज से एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, सरकारें अक्सर इस चुनौती को कमतर आंकती हैं, लेकिन स्वतंत्र विशेषज्ञ और मीडिया रिपोर्टें बाजार में कुल दवाओं में नकली या घटिया दवाओं की हिस्सेदारी 35 से 40 प्रतिशत तक बताती हैं। मुमकिन है कि यह हिस्सेदारी इससे कम हो, लेकिन उतनी भी कम नहीं हो सकती, जैसा दावा सरकारी रिपोर्टें करती हैं। वास्तविक आंकड़ा कहीं बीच का हो सकता है। फिर भी, यह बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि यह सीधे मानव जीवन से जुड़ा मसला है। यही कारण है कि नकली दवाओं का मुद्दा कई दवा उद्योग संघों द्वारा नियमित रूप से उठाया जाता रहता है।

कभी-कभी मैं मरीज यह शिकायत लेकर लौटते हैं कि दवा तो सही समय पर और सुझाए गए तरीके से ली थी, फिर क्यों नहीं हम ठीक हुए? मैंने यहां उन मरीजों का जिक्र किया है, जो जांच-रिपोर्टों में पुष्ट की गई बीमारी में स्टैंडर्ड यानी उच्चस्तरीय दिशा-निर्देशों के तहत सुझाई गई दवाएं खाने के बाद भी ठीक नहीं हुए थे। दवाओं के ब्रांड बदलने के बाद, जिनमें समान बायोलॉजिकल साल्ट थे, वे ठीक हो गए। इससे साफ जाहिर होता है कि उनके स्वस्थ न होने की वजह थी, दवाओं की निम्न गुणवत्ता!

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों में तो नुकसान दोतरफा है। ऐसी बीमारियों की दवाएं महंगी आती हैं, इसलिए इसमें नकली दवाओं के प्रचलन का मतलब है कि मरीजों को न सिर्फ उनकी ऊंची कीमत चुकानी पड़ती है, बल्कि उनके बेअसर या कम असर होने के कारण उनकी जान पर भी बन आती है। ऐसी नकली दवाएं बड़े व छोटे शहर, दोनों जगह आम हैं। कोविड-19 महामारी ने कई दवा कंपनियों को जन्म दिया, लेकिन ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि महामारी के दौरान और उसके बाद नकली दवाओं की चुनौती बढ़ गई है। नकली और कम गुणवत्ता वाली दवाओं के आने के पीछे कुछ लोग ऑनलाइन बाजार को भी जिम्मेदार मानते हैं, जहां से कभी-कभी कम

**शायद ही कोई सप्ताह ऐसा गुजरता हो, जब हम भारत में नकली या घटिया दवाओं के बारे में न सुनते हों। मार्च के पहले हफ्ते में तेलंगाना से नकली दवाओं की जब्ती की खबर आई थी। वे सिर्फ नकली दवाएं ही नहीं थीं...**




गुणवत्ता-नियंत्रण और जांच के साथ दवाएं उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचा दी जाती हैं।

नकली रोगाणुरोधी दवाएं अनिवार्य रूप से बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई हैं। एक तरफ नकली दवाएं बीमारी पर सीमित प्रभाव डालती हैं, तो दूसरी तरफ लोगों की बिना डॉक्टरी सलाह के और अपर्याप्त अवधि तक दवा खाने की आदत भी परेशानी का सबब बन जाती है। नकली दवाओं के पीछे नियमों का पूरा पालन न होना, दवा निरीक्षकों का कम संख्या-बल और दवाओं की शुद्धता की जांच करने के लिए प्रयोगशाला जैसी सुविधाओं की कमी भी जिम्मेदार है।

भारत को विश्व की फार्मेसी कहा जाता है। उत्पादन के मामले में हमारा दवा उद्योग दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। हम विश्व-स्तरीय टीकों का उत्पादन करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुकूल हैं। लिहाजा, नकली व कम गुणवत्ता वाली दवाओं से जल्द निपटना अनिवार्य है। इससे पार पाना सरकारों, नीति-निर्माताओं, फार्मा उद्योग व नागरिकों, सभी के हित में है। देखा जाए, तो मरीजों के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाएं सुनिश्चित करना सरकार का नैतिक दायित्व भी है। हमें इस क्षेत्र में पर्याप्त जागरूकता पैदा करनी ही होगी।

भारत में फार्मा लाइसेंस राज्य का विषय है। इसका मतलब है कि केंद्र सरकार का इस पर सीमित नियंत्रण होता है। चूंकि, देश भर में लगभग आठ लाख फार्मेसियों की निगरानी के लिए दवा निरीक्षकों की भारी कमी है, इसलिए औषधि निरीक्षकों की भूमिका आंशिक रूप से नागरिकों को भी सौंपी जानी चाहिए, क्योंकि आम नागरिक ही इन दवाओं से ज्यादा प्रभावित होते हैं। यदि कोई नागरिक किसी दवा का परीक्षण कराना चाहता है, तो उसकी पहुंच आसान होनी चाहिए। कई देशों में नकली उत्पादों के बारे में सार्वजनिक शिकायत प्रणाली है। जनता ऐसी शिकायतें ऑनलाइन कर सकती है, जिन पर एजेंसियां तत्काल काम करती हैं। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। हमें गुणवत्तापूर्ण दवाओं की सुनिश्चितता तय करने के लिए एक आंदोलन खड़ा करना होगा, जहां नागरिक दवाओं का परीक्षण खुद करा सकें। जब तक नागरिक आंदोलन खड़ा नहीं किया जाएगा और आसान एवं रियायती परीक्षण की सुविधा नहीं दी जाएगी, दवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना मुश्किल है।

इसके साथ ही, दवा निर्माण कंपनियों में नकल-रोधी उपाय और गुणवत्ता नियंत्रण को भी सार्थक बनाना होगा। उपलब्ध प्रौद्योगिकी का उपयोग गुणवत्ता नियंत्रण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए, ताकि नकली दवाओं की आमद रोकी जा सके। मरीजों के लिए यह जांचने की व्यवस्था होनी चाहिए कि दवा असली है या नकली? क्यूआर कोड को क्रमबद्ध करने और 'ट्रेस ऐंड ट्रैक' प्रौद्योगिकी को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। नकली दवाओं से अमीर या गरीब, देश का सभी वर्ग प्रभावित होता है। फिर, भारत दवाओं का एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र भी है, लिहाजा बाजार में बेची जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारे हित में ही है। विश्व के एक बड़े हिस्से की गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक पहुंच नहीं है। अपना देश भी अपवाद नहीं है। हमें जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण दवाएं पहुंचाने की चाक-चौबंद व्यवस्था करनी होगी। आपूर्ति श्रृंखला में हानिकारक दवाओं की आमद रोकने के लिए 'क्लोज्ड लूप मेडिकेशन मैनेजमेंट सिस्टम' (सीएलएमएमएस) बनाने हेतु उद्योग और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करना होगा। आपूर्ति श्रृंखला में यदि यह इस्तेमाल होता है, तो हानिकारक दवाओं का पता आसानी से लग सकता है और हम त्वरित प्रतिक्रिया में सक्षम हो सकते हैं।

जाहिर है, हमें समय रहते इन तमाम चुनौतियों को देखना और समझना होगा, अन्यथा नकली दवाओं का कारोबार देश की प्रतिष्ठा और आम जन के स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# चुनावी महासमर में महारथियों की छवियों के बीच मुकाबला

बद्री नारायण, निदेशक,
जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान

भारतीय जनतंत्र की प्राण-शक्ति चुनाव हैं। चुनावों से ही वह जनतांत्रिक तत्व पैदा होता है, जिससे भारतीय जनतंत्र को बल मिलता है। हर चुनाव हमें सिखाता है और हरेक चुनाव अपने आप में 'अनेक आवाजों के समुच्चय' के रूप में हमारे सामने आता है, जिनको हमें अत्यंत सावधानी से सुनना, पढ़ना व समझना होता है। हालांकि, किसी भी चुनाव के मुद्दे, बहस, वादे, वृत्तांत क्या होंगे, यह सब चुनाव प्रचार शुरू होने के पहले ही झलकने लगते हैं। अभी तक जो झलकियां सामने आई हैं, उनके आधार पर कुछ बातें स्पष्ट हैं। पहली बात, यह छवियों का चुनाव है। इसमें राजनीतिक दलों के नेताओं की छवियां आपस में टकराएंगी। पहले चुनावी व्याख्याओं में 'नैरेटिव' शब्द केंद्र में होता था। इस बार 'नैरेटिव' छवि के पूरक बनकर आएंगे। राजनीतिक दलों के वादे, नैरेटिव गढ़ने के प्रयास व मुद्दे 'छवियों' के सहायक बनकर मौजूद रहेंगे।

राजनीतिक छवियां वस्तुतः राजनीतिक वृत्तांतों के गुणात्मक रूपांतरण और नेताओं के राजनीतिक प्रदर्शन व उनके द्वारा अर्जित 'विश्वास की पूंजी' के संश्लेषण से बनती हैं। दूसरा, वृत्तांत जब निश्चित होकर 'स्टीरियो टाइप' में बदल जाते हैं, जब वे नीरस हो जाते हैं, तब अपना आकर्षण खो देते हैं। ऐसी स्थिति में जनता वृत्तांतों से ज्यादा छवियों की ओर देखती है। हम देख रहे हैं कि चुनावों के मुद्दे सरकार में शामिल दलों और प्रतिपक्ष, दोनों के लिए लगभग एक से रहे हैं। वादे भी लगभग एक जैसे हैं। ऐसे में, चुनावी वृत्तांत अपनी चमक खोते जा रहे हैं।

छवियां वस्तुतः किसी भी नेता द्वारा उसके राजनीतिक कार्यों, अभियानों से उपार्जित विश्वास की पूंजी से रूढ़ होती हैं। इनके निर्माण में मीडिया, चर्चा, सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका होती है। इस आम चुनाव में एक ओर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल राजनीतिक छवि है, जो पिछले दस वर्षों में जनता से उनके सीधे संवाद, सरकारी योजनाओं के आधार तल के प्रभावी विस्तार, लाभार्थी समूहों का विश्वास, हिंदू गर्व के तीर्थ स्थानों के पुनर्निर्माण और भविष्य के शक्तिवान भारत की आशा इत्यादि के सम्मिलन से बनी है। दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता और इंडिया ब्लॉक के अगुआ राहुल गांधी हैं। उनकी टीम और उनके दल के लोगों ने भी पिछले कुछ वर्षों में उनके छवि-निर्माण पर काम किया है। उन्होंने पिछले दिनों 'भारत जोड़ो यात्रा' व 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से अपनी छवि गढ़ने की कोशिश की है। सोशल मीडिया पर उनकी छवि की नकारात्मकता में काफी कमी तो आई है, लेकिन उनकी राजनीतिक छवि के संपूर्ण प्रभाव में विकसित होने का अभी इंतजार है। वस्तुतः छवि-निर्माण की उनकी प्रक्रिया अनेक बार उनके कुछ बयानों से बाधित हो जाती है।

चुनावों के समय राजनेताओं की छवियां अनेक बार वृत्तांतों के खोखलेपन से पैदा हुई रिक्तियों को भर देती हैं। आज का दौर यूं भी मशीन उत्पादित छवियों के परमानंद का दौर है। इसमें सोशल मीडिया पर तैरने वाली तस्वीरों की बड़ी भूमिका है। राजनेता अपने विभिन्न राजनीतिक अभियानों, अपनी पदयात्राओं, रोड शो इत्यादि में तस्वीर लेने, सेल्फी लेने-देने और उन्हें वायरल करने को राजनीतिक प्रचार की एक प्रभावी रणनीति के रूप में देखने लगे हैं। नौजवान मतदाताओं पर इसका असर भी पड़ता है। जैसे ही कोई नेता राजनीतिक रैलियों और जन संवादों में एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान के लिए बढ़ता है, उसकी सैकड़ों तस्वीरें लोगों के मन में बस जाती हैं। जाहिर है, लोग अपनी-अपनी पसंद के आधार पर नेताओं की छवियों से जुड़ाव महसूस करने लगते हैं और विभिन्न छवियों के बीच तुलना भी करते हैं। तमाम बड़े नेताओं और राजनीतिक दलों की आईटी टीम इन दिनों आकर्षक तस्वीरों के जरिये अपने नेताओं की छवियां मतदाताओं के दिमाग में बसाने में जुटी हैं। नोबेल विजेता कवि ऑक्टोवियो पाज ठीक ही कहते हैं कि आज हम 'छवियों के पंथ' (कल्ट ऑफ इमेजेज) के युग में रह रहे हैं।

आज शब्दों से कहीं ज्यादा छवियां महत्वपूर्ण हो गई हैं। देखना है कि इस आम चुनाव में किस राजनेता की छवि राजनीतिक गोलबंदी का केंद्र बनकर उभरती है। चुनाव प्रचार तेज होने लगा है और लोगों ने नेताओं को परखना शुरू भी कर दिया है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अंबानी-अडानी, खरबपतियों का चंदा कहां?

हरिशंकर व्यास

कैसी हैरानी की बात है कि मोदी राज में सबसे ज्यादा धंधा खरबपतियों का बढ़ा। अडानी जगत सेठ हुआ। अंबानी कुबेरपति हुआ। पैसे से भारत की संस्कृति का ढिंढोरा करता है। इनके साथ टाटा, बिड़ला सहित टॉप के बीस खरबपति दिन-दुनी, रात-चौगुनी की रफ्तार से भारत के लोगों से पैसा कमाते हुए हैं लेकिन वे इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीददारों की लिस्ट से लगभग गायब। यों कुछ जानकार शेल याकि खोखा कंपनियों से बॉन्ड्स लेन-देन की बारीकी तलाश रहे हैं। लेकिन मोटा मोटी मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना में जुआरियों, सटोरियों, काला बाजारियों और ठेकेदारों से ही चुनाव और राजनीति के नाम पर वसूली हुई दिखती है।



### और यह हैरानी की बात है।

तभी अपना सवाल है कि सरकारी प्रोजेक्टों और मुंबई, दिल्ली आदि महानगरों के ठेकेदारों, बिल्डरों की इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदने-देने के साथ सौदेबाजी का यदि सीक्रेंस है तो भला विनिवेश, खान आवंटन से लेकर अंतरराष्ट्रीय सौदों, खरीद-फरोख्त के खरबपतियों के कारोबार की वसूली का क्या रूप है? जब चिंदीमार, खोखा कंपनियों को ईडी, सीबीआई, आईटी से लाइन हाजिर करा वसूली हुई है तो खरबपतियों के लेवल का चंदा कहां गया? क्या इस रीति-नीति पर चला गया कि छोटे कारोबारी भाजपा पार्टी के लिए और वैश्विक खरबपति किसी और काम के लिए?

भला और क्या काम हो सकता है? आप ही अनुमान लगाएं। लुटियन दिल्ली में जितने मुंह उतनी बात है। मगर इतना तय है कि भारत के टॉप सौ अरबपतियों की कंपनियों में बिना इलेक्टोरल बॉन्ड्स के कई नाम निकल आएंगे। और फिर यदि इनकों नौ वर्षों में मिली सरकारी कंपनियों, विनिवेश, लाइसेंसों की पूरी सूची के साथ तुलना करें तो यह क्या आंख खोल देने वाली नहीं होगी?



# विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है?

कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक 'विशिष्ट शक्ति' से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है।

उन्होंने कहा- 'यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है।' मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए, कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन-सा अभियान चलाया है?

इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता।

बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म-निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन-सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

# सरकार बनाने में महिला मतदाताओं की होगी अहम भूमिका

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का विगुल बज गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 18 वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान का कार्यक्रम जारी कर दिया है वहीं 4 जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि 4 जून को दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफ काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आमचुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है।

खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गाँव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीदवारी भी जताती है तो चुनाव केंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेस यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त मेजोरिटी प्राप्त हुई।

विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किये जा रहे हैं अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास होंगे। क्योंकि एक बात साफ हो चुकी है कि आज की महिला स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है और उसको दबाव या अन्य तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सकता। कम से कम विगत चुनावों के परिणाम तो इसी और इंगित कर रहे हैं। खास तौर से आने वाले दिनों में चुनाव केंपेन महिला केंद्रित हो तो इससे इंकार नहीं किया जा सकता। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफतया से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा।

खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। पर अब यह साफ हो जाना चाहिए कि चुनावों के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी और महिलाओं को मतदान के लिए अपने पक्ष में करने के हर संभव प्रयास होंगे। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक प्रयास कहा जा सकता है तो दूसरी ओर दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आ रही हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की ओर ही रहेंगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पाकुरभाट में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम के अलावा मतगणना कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गणना कक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा राजनैतिक दलों के अभ्यर्थीयों तथा मीडियाकर्मियों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार बनाने तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण तथा जमा करने के लिए निर्धारित स्थल के अलावा पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जाँच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सहायक निर्वाचन अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सेक्टर और पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें : कलेक्टर

**कवर्धा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा में मतदान के लिए सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक। इस दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर और पुलिस अधिकारी को प्रशिक्षण भी दिया गया। कलेक्टर महोबे ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेक्टर और पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर और पुलिस अधिकारी सुयक्त रूप से अपने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें और वहां की सभी मुलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी को दायित्व दिए गए है, इसे पूरा करें। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सभी सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वल्नरेबिलिटी मैपिंग और वहां की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, स्पष्ट और शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन के लिए व्यवस्था का सुदृण होना जरूरी है। सभी अधिकारी गंभीरता के साथ यह कार्य करेंगे। बैठक एवं सह प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, आरबी देवांगन सहित सेक्टर और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोबे ने कहा कि कहा कि सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्र के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केंद्र सहित वहां की स्थिति की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्रों में मूलभूत आवश्यक सुविधाएं जैसे-पानी, बिजली, रैंप, शौचालय, फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाटापारा रेलवे स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा दी गई सुरक्षा उपायों की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा बुधवार को ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ भाटापारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संरक्षा संगठन रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड




कर्मचारियों को मिलाकर कुल 83 लोगों ने भाग लिया। संरक्षा संगोष्ठी में स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं ऑन अवस्था में ऑटो सिग्नल पास करने व शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ट्रैक संबंधी बरती जाने वाली ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं कार्य क्षेत्र में निजी संरक्षा, पॉइंट्स एवं सिग्नल फेल्योर के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों का कर्तव्य, चलती ट्रेन में फेलियर रोकने के लिए क्रू, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारियों द्वारा साइडिंग एवं गुड्स शेड से गाड़ी क्लियर करते समय की जाने वाली निरीक्षण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का प्रदर्शन तथा अग्निशमन यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन की जानकारी दी गई। इस संरक्षा सेमिनार में अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन रायपुर राजेंद्र कुमार साहू , वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रायपुर डॉ. देवेंद्र नाथ बिसवाल, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता परिचालन रायपुर बीएन पटेल, सहायक मंडल अभियंताभाटापारा, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता भाटापारा मुख्य रूप से उपस्थित थे । इस संरक्षा संगोष्ठी को सफल बनाने के लिये संरक्षा सलाहकार विद्युत त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार इंजीनियरिंग संजीव कुमार, संरक्षा सलाहकार सिग्नल एवं दूरसंचार शंकर लाल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध रहें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला दण्डा धिकारी अधिकारी एस जयवर्धन ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जिले में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

उन्होंने इसका कड़ाई से पालन करने कहा है । उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे।




लोकसभा निर्वाचन कार्य के साथ ही आगामी त्यौहारों होली एवं रामनवमी पर्व में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। साथ ही उन्होने कहा धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी रूप में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा। कलेक्टर जयवर्धन ने पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पिएचई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे मतदान केन्द्र एवं पुलिस फोर्स के जवानों के रुकने के स्थान में जहां पेयजल की समस्या से संबंधित स्थान का चिन्हांकन व केन्द्र का निरीक्षण कर वहां समय से पहले पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस फोर्स के जवानों के ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों व पुलिस पोर्स जवानों के रूकने के स्थान में पेयजल, प्रकाश, बाउंड्रीवाल, छांव, रैम्प, साफ-सफाई, उपचार सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की वास्तविक स्थिति का अवलोकन कर जो भी समस्या आ रही है उसे समय से पूर्व निराकरण करें। ताकि मतदान दलों को मतदान केन्द्र तक आने-जाने में कोई समस्या ना हों। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट के अंतर्गत दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई हैं। ऐसे बुजुर्ग मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में सक्षम नहीं होंगे वे भी मतदान कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा एफएसटी, एसएसटी सभी टीम की कार्यवाही समय से पूर्व निराकरण हो। साथ ही इस दौरान जिले में कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आये तो पुलिस प्रशासन टीम का सहयोग ले कर त्वरित कार्यवाही करें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन अथवा अन्य किसी चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने कहा कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को निर्भीक एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिला महाराष्ट्र सीमा से लगा हुआ है। जहां से अवैध परिवहन, नगदी, शराब या अन्य नशे की सामग्री एवं अन्य सामग्री आने की संभावना रहती है। जिसकी ईमानदारी से जांच नियमित करना होगा। उन्होंने पारदर्शिता के साथ कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के साथ आगामी होली त्यौहार एवं अन्य त्यौहार आने वाले है। जिले में सामाजिक सौहार्द्र बना रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्यौहारों को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

## जनशिकायत और जनचौपाल के आवेदनों का त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायत एवं जनचौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जाँच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि चिन्हित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही लंबित आवेदनों का स्थाई निराकरण सुनिश्चित करें ताकि बार-बार उन्हें आवेदन ना करना पड़े।

इसके पश्चात कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के लिए आनलाइन आईडी हेतु ई-डिस्ट्रिक मैनेजर को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री संबंधी समस्याओं पर आबाकारी विभाग के अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग के अधिकारी को कृत्रिम गर्भाधान विभाग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को कहा। इसके पश्चात् कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग के सड़कों की वर्तमान स्थिति, मरम्मत एवं प्रस्तावित कार्यों के विवरण की जानकारी ली एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड ई-केवाईसी, ग्रीष्मकालीन कृषि की जानकारी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, अनाज भंडारण, मनरेगा, भू-अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# शत-प्रतिशत मतदान करने 20 हजार नागरिकों को छत्तीसगढ़ी में दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के लिए आयोजित मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाएं, मितानीन एवं बीएलओ, शिक्षक एवं वर्चुअल माध्यम से जुड़े 20 हजार नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए छत्तीसगढ़ी में शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मानव श्रृंखला एवं रंगोली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम स्थल में लगभग 1 हजार मतदाताओं के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से छुरिया जनपद पंचायत अंतर्गत शामिल 118 ग्राम पंचायतों से लगभग 20 हजार से अधिक मतदाताओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया।



इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव मनोज कुमार, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया नारायण प्रसाद बंजारा, तहसीलदार विजय कोठारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरिया सचिन गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चितवरकर, परियोजना अधिकारी कमलावती मरकाम, महिला बाल विकास विभाग छुरिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान को किया गया याद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । वीरांगना अवंतीबाई बलिदान दिवस छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज द्वारा विभिन्न जगहों पर कई आयोजन किये गए। महारानी अवंतीबाई बलिदान दिवस लोधी समाज के द्वारा सेन समाज भवन सुपेला थाना के पीछे एवं दुर्गा मंदिर लोधी पारा वार्ड 46 /48 खुर्सीपार भिलाई में व अछोली धमधा में प्रदेश स्तरीय वीरांगना अवंतीबाई बलिदान दिवस महोत्सव विभिन्न मनाया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, विशेष अतिथि ईश्वर साहु विधायक साजा रहे। सांसद विजय ने अपने उदबोधन मे कहा कि आज 161 वा बलिदान दिवस है,आज ही के दिन को हम



भुला नहीं सकते। 16 अगस्त 1831 को मनकेहणी जमींदार राव जुझार सिंह के यहां जन्म हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बहुत बड़ा योगदान है जितना कि झांसी की लक्ष्मीबाई का था। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। स्वतंत्रता की लड़ाई में अंग्रेजों को कई बार पटकनी दी। वीरांगना ने अंत में अंग्रेजों से बुरी तरह घिर गई थी। क्यों मैं अंग्रजो के हाथ न मरु और न कोई मेरे तन को छुवे स्वयं ही अपने आप को खुद ही भाला घोंप कर शहीद हों गई।

वो देश में गोरे अंग्रेज थे लेकिन कुछ दिल के काले अंग्रेज़ हमारे बीच में है जो देश को कलंकित करने का काम करतें रहे। वीरों का वीरांगना अवंतीबाई लोधी समाज की है और लोधी समाज वीरों का है। इस अवसर पर धनश्याम वर्मा जी प्रदेशाध्य, धनश्याम कौशिक, जीवन कौशिक, विष्णु लोधी, विमल पटेल,महेश वर्मा जिलाध्यक्ष भिलाई, जितेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष दुर्ग,बनऊ वर्मा, गोवेंद्र पटेल, रमेश पटेल, रोहित राजपूत, श्रीमति जागेश्वरी वर्मा, श्रीमती जसमत जंघेल, रमेश पटेल, सुरेन्द्र कौशिक, चिरंज चंदेल,मदन सेन, किशोर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि उत्तम चंदेल, अध्यक्ष राजेश जंघेल, डॉ विशाल उपाध्यक्ष, राम अवतार चंदेल कोषाध्यक्ष मनीराम वर्मा कृष्णा नगर इकाई अध्यक्ष राजेंद्र जंघेल योगेश वर्मा अलख राम वर्मा नेतराम वर्मा मुकेश वर्मा रुपलाल वर्मा रावि वर्मा हीरालाल वर्मा जी सुलोचना विनोद वर्मा रामेश्वर वर्मा लोधी समाज के सम्मानित पदाधिकारी व सदस्य गण अत्यधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के जैविक उत्पादों की दिल्ली में डिमांड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** होली से पहले दिल्ली में किसानों का मेला लगा है, जहां छत्तीसगढ़ से शुद्ध और जैविक उत्पाद लेकर महिला किसान शामिल हुई हैं। जिसे खरीदने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ रही है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ की तरफ से दिल्ली के हौज़ खास स्थित एनसीडीसी कैंपस में किसान उत्पादक संगठन का मेला लगा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में 18 राज्यों के 40 किसान उत्पादक संगठन शामिल हुए हैं। इस मेले में किसान संगठनों की शानदार प्रदर्शनी लगी है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सत्य साईं महिला बहुद्देशीय सहकारी मर्यादित द्वारा अपने क्षेत्र में तैयार उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल में दिल्ली के अलावा दूर-दूर से आए लोग शुद्ध और जैविक उत्पाद खरीद रहे हैं। यहां लोग मिलेट्स यानी मोटे अनाज और उससे बने अलग-अलग उत्पादों को खरीद सकते हैं। इसके अलावा शुद्ध और बेहतर क्वालिटी के शहद, मसाला, आचार, साबुन आदि जैसे कई उत्पाद उपलब्ध हैं। स्टाल में मोटे अनाज व सोयाबीन से बना मल्टीग्रेन आटा उपलब्ध है, जो कि वेटलॉस, डाइजेशन, इम्युनिटी के लिए काफी कारगर है। इसके अलावा अलग-अलग फ्रेग्रेंस के लीपबाम, सोप, फूट क्रीम लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। खासकर वनीला, ग्रैप्स व ऑलिव ऑइल से बने लीप बाम की खास डिमांड है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### स्वीप रसरंग का आयोजन कल

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गीत, संगीत से जुड़े स्वीप-रसरंग कार्यक्रम का आयोजन 22 मार्च को शाम 5 बजे कला केन्द्र में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गीत, संगीत, साज और आवाज से जुड़े कलाकार अपनी प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ शहर के स्वयं सेवी संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संघ, शैक्षणिक संस्थाएं भी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण के इच्छुक कलाकार मोबाइल नंबर 9179536565 पर संपर्क कर सकते है।

### राज्यपाल ने नरेंद्र व आलोक को दिलाई सूचना आयुक्त पद की शपथ



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने बुधवार को राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल और आलोक चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एमके राउत, सरजियस मिंज, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एसके तिवारी, एके अग्रवाल, मोहन पवार, मनोज त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित आईपी मिश्रा, राकेश चतुर्वेदी, डॉ. सुरेंद्र शुक्ल, एलएन तिवारी, अंजनी कुमार शुक्ल, डीसी पाण्डेय, अनुराग दीवान एवं नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बता दें कि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं। वे कलेक्टर बालोद और कमिश्नर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग जेसे पदों पर कार्यरत रहे हैं। वहीं आलोक चंद्रवंशी पूर्व जोन कमिश्नर रहे हैं।

# होली त्यौहार पर दौड़ेंगी स्पेशल ट्रेनें

**लंबी दूरी की अधिकांश बसों में तीन से चार दिन की चल रही वेटिंग**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** होली का त्योहार नजदीक होने से रायपुर स्टेशन से होकर आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। परंतु ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से यात्री परेशान हैं। त्योहारी सीजन को देखते हुए यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सके इस पर रेलवे ने पूरा जोर लगाया है। पिछले तीन-चार दिनों के अंदर मुख्य हावड़ा-मुंबई लाइन के अलग रेलवे के कई रूट में होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का शेड्यूल जारी किया है। इससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी, लेकिन वापसी के समय बहुत कम होली स्पेशल की सुविधा यात्रियों को मिल जाएगी।

### संबलपुर-पुणे के बीच तीन फेरा

होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन संबलपुर-पुणे-संबलपुर के बीच तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है। ट्रेन नंबर 08327 संबलपुर से पुणे के लिए 17 मार्च को रवाना हुई। अब 24 और 31 मार्च को संबलपुर से चलेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 08328 पुणे से 19 एवं 26 मार्च तथा 2 अप्रैल को रवाना होगी। इसमें 6 सामान्य, 9, स्लीपर, 04 एसी-1, 01 एसी-2 सहित 22 कोच हैं।

### दुर्ग से होली स्पेशल 22 को होगी रवाना

दुर्ग से पटना के लिए एक फेरे के लिए होली स्पेशल चलने जा रही है। 22 मार्च को ट्रेन नंबर 08793 दुर्ग-पटना होली स्पेशल रवाना होगी और पटना तरफसे यह ट्रेन 23 मार्च को दुर्ग के लिए चलेगी। इस ट्रेन में सामान्य, स्लीपर समेत 23 कोच हैं।

### 15 से 20 फीसदी तक बढ़ा किराया

होली त्यौहार के चलते ट्रेन और प्लेन के बाद अधिकांश यात्री बसों में पैर रखने की जगह नहीं है। हालांकि 4 दिन बाद होलिका दहन होना है। लेकिन, अपने घर लौटने वालों की भीड़ अभी से बस स्टैण्ड में देखने को मिल रही है। इसमें खास तौर पर यूपी, बिहार, झारखंड और ओडिशा जाने वाली बसों में तीन से चार दिन की वेटिंग चल रही है। इन चारों राज्यों के लिए रायपुर से रोजाना करीब 50 बसें चलती हैं। लेकिन, त्यौहारी सीजन को देखते हुए लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसके चलते बसों में वेटिंग चल रही है। इसके चलते किराया भी 15 से 20 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि होली त्योहार को देखते हुए बसों में भीड़ बढ़ रही है। बता दें कि इस समय अधिकांश ट्रेनों में 80 से 100 की वेटिंग चल रही है। वहीं फ्लाइटों भी फुल चल रही है।



**बढ़ रही है भीड़**

त्योहारी सीजन को देखते हुए लंबी दूरी की अधिकांश यात्री बसों में धीरे-धीरे भीड़ बढ़ने लगी है। इसके चलते अनाधिकृत एजेंट मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं। इससे बचने के लिए अधिकृत बुकिंग एजेंट से टिकट ले।

**अनवर अली, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ**

### हावड़ा-मुंबई सेंट्रल के बीच एक फेरा

हावड़ा-मुंबई सेंट्रल के मध्य होली स्पेशल ट्रेन एक फेरे के लिए चलेगी। यह ट्रेन 25 मार्च को हावड़ा से 08843 नंबर के साथ तथा 27 मार्च को मुंबई सेंट्रल से 08844 नंबर के साथ चलेगी। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग व गोंदिया स्टेशनों पर इन दोनों गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है। सिकंदराबाद-दरभंगा के बीच दो फेरा दूसरी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन सिकंदराबाद एवं दरभंगा के मध्य की जा रही है। यह ट्रेन 26 मार्च को सिकंदराबाद से 07221 नंबर के साथ तथा 28 मार्च को दरभंगा से 07222 नंबर के साथ चलेगी।

### पुरी से निजामुद्दीन दो फेरा

पुरी-निज़ामुद्दीन के मध्य ट्रेनों में ज्यादा भीड़ है। होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन पुरी-निजामुद्दीन-पुरी के मध्य दो फेरे के लिए चलाई जाएगी और यह गाड़ी 22 व 29 मार्च को पुरी से 08475 नंबर के साथ तथा 23 एवं 30 मार्च को निजामुद्दीन से 08476 नंबर के साथ चलेगी। इसमें 4 सामान्य, 07 स्लीपर, 06 एसी- 1, 02 एसी - 2 सहित 21 कोच हैं।

### इतना किराया

यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रायपुर से लखनऊ और वाराणसी का किराया 1200 से 1400, पटना और बोधगया का 1700 से 1800 रुपए, सासाराम का 1000 से 1400 रुपए, रांची, भुवनेश्वर, जगन्नाथपुरी का 900 से 1100 रुपए और संबलपुर का किराया प्रति व्यक्ति 370 से 700 रुपए बताया जा रहा है। वहीं यात्रियों की भीड़ को देखते हुए किराया तय किसी जा रही है। बता दें कि होलिका दहन के दूसरे दिन रंगोत्सव में अधिकांश अंतरराज्यीय बसों का संचालन बंद रहने के कारण लोगों की रवानगी का सिलसिला चल रहा है।

### विशाखापट्टनम-निज़ामुद्दीन के बीच दो फेरा

यह होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन बिलासपुर स्टेशन से कटनी के रास्ते चलेगी। ट्रेन नंबर 08571 विशाखापट्टनम से 23 एवं 30 मार्च तथा ट्रेन नंबर 08572 होली स्पेशल निज़ामुद्दीन से 24 एवं 31 मार्च को चलेगी। इसमें 19 कोच है।

### सांतरागाछी से हुबली जंक्शन के बीच

सांतरागाछी-हुबली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिए किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08840 सांतरागाछी-हुबली, होली स्पेशल सांतरागाछी से 27 मार्च को तथा 08841 हुबली से 30 मार्च को रवाना होगी। बिलासपुर, रायपुर व गोंदिया स्टेशनों पर इन दोनों गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है।

**छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद**

# बृजमोहन निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। बुधवार को परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मंत्री बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद प्रदेश में बालक-बालिकाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है। परिषद स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल अधिकारों की सुरक्षा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। जो एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि, सेवा के लिए किसी पद की जरूरत नहीं होती। हम बिना पद पर रह कर भी जरूरतमंदों की सेवा कर सकते हैं।

बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि परिषद गरीब और दिव्यांजन बच्चों के लिए विभिन्न कार्यों के संचालन कर रहा है। जिसमे जीवन ज्योति बालगृह (बालिका) रायपुर, कोंडागांव, बालगृह (बालक) माना कैम्प, खुला आश्रय गृह, स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी सेंटर शामिल है। जो प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने परिषद को नया रायपुर में स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी सेंटर खोलने की मंजूरी दे दी है जिसके लिए राज्य सरकार 30 एकड़ भूमि का आवंटन करेगा। राज्य सरकार के बजट में भी बाल भवन के लिए प्रावधान किया गया है। सप्रे स्कूल में स्पीच थेरेपी सेंटर खोला जाएगा और माना बाल गृह में सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। इतना ही नहीं आने वाले समय में दिव्यांग बालक बालिकाओं के लिए विशेष पोस्ट मैट्रिक शिक्षण संस्थान भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में परिषद की उपेक्षा के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। जिसको सुधारने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम की तरफ से 5 लाख रुपए प्रति वर्ष दिए जाएंगे। उन्होंने अपनी तरफ से भी परिषद को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

बैठक में चंद्रेश शाह को महासचिव, इंदिरा जैन को कोषाध्यक्ष, डॉ. अशोक त्रिपाठी को उपाध्यक्ष चुना गया साथ ही महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही परिषद की कार्यकारिणी में सदस्यों की संख्या 10 से बढ़ाकर 25 कर दी गई। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी।

# डीपीआई ने सामूहिक नकल मामले में 9 शिक्षकों को किया निलंबित

**रायपुर (ए.)।** लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने सामूहिक नकल मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। शासकीय कन्या उच्च विद्यालय बरमकेला में 18 मार्च को सामूहिक नकल की शिकायत मिली थी। एसडीएम ने 19 मार्च को इसकी जांच की। जांच में पता चला कि 12वीं हिंदी परीक्षा में कुल 246 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 5 अनुपस्थित थे। 5 कक्षाओं में परीक्षा का आयोजन हो रहा था, सभी कक्ष में नकल कराया जा रहा था। जांच के दौरान केंद्राध्यक्षों समेत 8 प्रर्यवेक्षक नकल मामले में शामिल पाये गए। केंद्र अध्यक्षक समेत 9 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया। शिक्षकों निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ नियत किया गया है।

### इन पर गिरी निलंबन की गाज

हेमंत पटेल, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, बरमकेला, दिलीप सिदार, सहायक शिक्षक (एल.बी) प्रा.शा. हास्टलपारा बरमकेला, श्यामा सिदार, प्रधान पाठक प्रा.शा. पुरैना, गिरधारी पटेल, सहायक शिक्षक विज्ञान, शा.क.उ.मा.वि. बरमकेला, चन्द्रशेखर वैष्णव व्याख्याता शा.क.उ.मा.वि. बरमकेला, दयासागर प्रधान, व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सांकरा, अंजली सिदार, सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्रा. शा.कनकीडीपा, लोकनाथ साहू सहायक शिक्षक, (एल.बी.) प्रा.शा.भंवरपुर,युवधेश पटेल, सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. बुन्देली।

**मंगलवार होगा अवकाश, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कला साधकों से मिलें कलेक्टर**

# शनिवार-रविवार को भी खुला रहेगा कला केन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह आज कला केन्द्र पहुंचकर अपने बच्चों को विभिन्न विधाओं से प्रशिक्षण दिलाने पहुंचे पालकों से बात की। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र का संचालन प्रतिभा संपन्न व अपनी कला को निखारने की इच्छा रखने वाले हर आयु वर्ग के लोगों के लिए किया जा रहा है। नृत्य, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, गायन के साथ ही अपनी आवाज़ पर गाने की रिकॉर्डिंग के लिए बने स्टूडियो का कला प्रेमी उत्साह के साथ उपयोग कर रहे है। 10 मार्च से अबतक एक हजार से भी अधिक कला प्रेमियों ने प्रशिक्षण हेतु कला केन्द्र आकर संपर्क किया है।

जी.ई. रोड पर स्थित नालंदा परिसर के समीप बने इस कला केन्द्र में अपनी अभिरूचि के अनुरूप सैकड़ों की तादाद में बच्चें युवा एवं महिलाएं पहुंच रहें हैं।



कलेक्टर डॉ. सिंह इन्हीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कला साधकों से मिलें और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उनसे फीडबैक लिया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा भी साथ थे। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें बच्चों के साथ उनके पालक भी कला केन्द्र में उपस्थित थे, जिनसे कलेक्टर ने विस्तार से बात की। पालकों ने सुझाव दिया कि कैलीग्राफी, वैदिक शिक्षा, फैशन डिजाइनिंग, बेकरी, भाषा ज्ञान जैसे शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होने से बच्चों को प्रशिक्षण के लिए लेकर आने वाले महिलाओं को अपने समय के बेहतर सदुपयोग का अवसर मिलेगा और इससे न केवल वर्तमान पीढ़ी, बल्कि तीन पीढ़ियों का जुड़ाव कला परिसर से होगा। कलेक्टर ने महिलाओं के सुझाव को गंभीरता से सुना एवं ठोस पहल हेतु आश्वस्त किया।

उन्होंने निरीक्षण भ्रमण के दौरान इस परिसर की नियमित निगरानी हेतु पूरे परिसर में पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल हेतु आर.ओ. मशीन व साथ आए परिजनों के लिए बैठक की अतिरिक्त व्यवस्था हेतु भी निर्देशित किया है। उन्होंने 1 अप्रैल से प्रशिक्षुओं एवं साथ आने वाले परिजनों के लिए पहचान पत्र जारी करने के लिए भी कहा है। यहां बने मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए सभी आयु वर्ग में मंच का भय दूर कर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने हेतु प्रेरित करने का सुझाव भी उन्होंने प्रशिक्षकों को दिया है। यह कला परिसर अब सप्ताहांत हर शनिवार व रविवार खुले रहेंगे एवं प्रत्येक मंगलवार यहां अवकाश होगा। पालकों व प्रशिक्षुओं ने कला परिसर के माध्यम से अभिरूचि अनुरूप विधा से जुड़ने का अवसर प्रदान करने जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद भी कहा।

### आचार्य-दीदी को दिया बाल उद्यान का प्रशिक्षण

**रायपुर।** ग्राम भारती जिला रायपुर द्वारा संचालित तुलसी संकुल तरपोंगी, सांकरा, कुथरेल, किरना, रायखेड़ा, तुलसी, देवरी सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदीयों का एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ग्राम भारती के जिला कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी प्रदान की। जिला समन्वयक टीकाराम द्वारा अभिभावक संपर्क कैसे करें इसके बारे में जानकारी दी गई। तरपोंगी प्रशिक्षक दीदी सुमन साहू द्वारा शिशु वाटिका से संबंधित और किरना की प्रशिक्षक दीदी रामेश्वरी द्वारा हिंदी विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण वर्ग में 7 विद्यालय से 65 दीदी और 5 आचार्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में तरपोंगी के प्रधानाचार्य तुलसीराम, सांकरा के प्रधानाचार्य संगीता वर्मा, देवरी प्रधानाचार्य येलन वर्मा, रायखेड़ा से थानेश्वर सोनवानी, कुथरेल से राधा गोस्वामी, तुलसी शामिल रहीं।

# अधिकारी निष्पक्षता से कार्य करें : एसपी

**सेक्टर अधिकारियों की हुई प्रशिक्षण कार्यशाला**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सेक्टर और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शामिल हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि सेक्टर अधिकारी गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। सेक्टर अधिकारी मतदान दल और रिटर्निंग अधिकारी के बीच कड़ी होते है। निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न होने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था, कहीं पर किसी प्रकार का कोई विवाद न हो, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। लोकसभा निर्वाचन गर्मी के मौसम में हहोना है, ऐसे में सभी सेक्टर अधिकारी समय पूर्व बूथ का निरीक्षण करें और मूलभूत सुविधा व्यवस्थित करें। स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी में जाएं और वहां और किसी भी प्रकार का आचार संहिता का उल्लंघन न हो रहा हो, इसका विशेष ध्यान रखें। बूथ में वेबकास्टिंग के कार्य को बेहतर तरीके से कराएं और सम्पूर्ण मतदान के बाद ईवीएम मशीन सुरक्षित तरीके से स्ट्रांग रूम तक पहुंचाएं। सेजबहार के शासकीय इंजीनियरिग कॉलेज में पर्याप्त सुविधाएं रखी जाएगी।

एसपी संतोष सिंह ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता के साथ ड्यूटी करें। शांतिपूर्ण और निष्पक्षता के साथ कार्य करें। निर्वाचन कार्य द्वारा आचार-व्यवहार बनाएं रखें। मतदान के पूर्व भी किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। मास्टर ट्रेनर अजीत हंडेत ने सेक्टर अधिकारियों को बताया कि मतदान केंद्र में 100 मीटर तक प्रचार-प्रसार न हो, इसका चिन्हाकन करना होगा। केंद्र में लाइट और पंखे की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही संवेदनशील बूथों की पहचान करेंगे। पुलिस सेक्टर अधिकारी वेलरेनेबल स्थान को चिन्हांकित करेंगे और मतदान में आने वाली बाधा को दूर करने में सहयोग करेंगे। मास्टर ट्रेनर अजीत हुंदैत ने भी प्रशिक्षण दिया। गौरतलब है की रायपुर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्रमांक 45, 47, 48 के सेक्टर अधिकारियों को प्रथम पाली में प्रशिक्षण दिया गया और विधानसभा क्रमांक 49, 50, 51, 52, 53 व रिजर्व को द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, एडीएम देवेंद्र पटेल सहित मास्टर ट्रेनर अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों से हटाए पदाधिकारियों के नंबर प्लेट

**रायपुर।** रायपुर में लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता के लागू होते ही रायपुर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ियों में अवैध तरीके से लगे नेम प्लेट, हूटर और ब्लैक फिल्म की जांच कर कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी में कुछ युवक प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे पदनाम लिखकर लिख रखे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों की भी हेकड़ी उतारी है। इन लोगों को चौक-चौराहे पर ही खड़ा कर रेड नेम प्लेट उतारा गया। इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है। जिसके तहत हूटर पर एक्शन हुआ है। इसी प्रकार चुनाव को मद्देनजर रखते हुए अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई की गई है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## पत्रकार के बाद अब पुलिस अफसर बनेंगी भूमि पेडनेकर

भूमि पेडनेकर की गिनती बॉलीवुड की उम्दा अभिनेत्रियों में होती है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म भक्षक को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को समीक्षकों की भी खूब वाहवाही मिली थी। 'भक्षक' की सफलता के बाद भूमि अब एक और प्रोजेक्ट से लोगों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। वे अब 'दलदल' नाम की वेब सीरीज से अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी। प्राइम वीडियो की इस सीरीज में भूमि पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी।

भूमि ने कहा, खुद को चुनौती देना मुझे अच्छा लगता है। मेरे लिए दलदल काफी चुनौतीपूर्ण रहा है... मैंने इस तरह की शैली में पहले कभी नहीं काम किया है। इसमें बहुत सारा शारीरिक परिश्रम शामिल था।



इस सीरीज में भूमि डीसीपी रीता फरेरा की भूमिका में हैं, जो सीरियल किलिंग की जांच कर रही हैं। इस दौरान उनकी निजी जिंदगी में भी काफी कुछ बदलाव आते हैं। यह शो विश धमीजा के भिंडी बाजार पर आधारित है।

उनकी हालिया रिलीज भक्षक की बात करें तो इस फिल्म में उन्होंने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया था। वहीं, इसका निमार्ण रेड चिलीज की ओर से किया गया था। फिल्म में संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार नजर आए थे। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

# सिर्फ बोलना ही नहीं, मधुर संबंध के लिए सुनना बहुत जरूरी

**यह सही है कि आज के दौर में अधिकतर लोग अपनी बात कहने के लिए बेचैन रहते हैं। लेकिन मधुर संबंध और सौहार्दपूर्ण व्यावहारिक-सामाजिक जीवन के लिए एक-दूसरे को सुनना बहुत जरूरी है।**



हाल ही में सिंबायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने देश के नागरिकों से आग्रह किया कि वे दूसरों की बात भी सुनने का साहस रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दूसरों को सुनने की शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। लेकिन हमारे समाज के साथ समस्या यह है कि हम दूसरों की नहीं सुन रहे हैं। हम केवल अपनी ही सुन रहे हैं। साथ ही सुनने का साहस होने से व्यक्ति यह स्वीकार करता है, कि उसके पास अभी भले सही उत्तर ना हो, लेकिन वह उसे तलाशने और खोजने के लिए तैयार है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के ये विचार आज की बदलती जीवनशैली में बढ़ रहे असंतुलित संवाद की ओर इशारा करते हैं। जरूरी है कि अपनी कहने के साथ दूसरों की बात सुनने का धैर्य और समझने की मानसिकता के मायने समझे जाएं।

### कहने की बेताबी

आज के दौर में हर कोई कुछ कहने-बताने को बेताब है। दिखावटी जीवनशैली के विस्तार ने जताने के भाव को इतना बढ़ा दिया है, कि जानने की सोच ही खत्म हो गई है। कहने की व्यस्तता ने सुनने की सक्रियता से पूरी तरह दूर कर दिया है। हर किसी को अपना दु:ख कहना है। अपनी उपलब्धियां बतानी हैं। अपनी ही तकलीफें साझा करनी हैं। अपने सुख का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना है। यह आज के समय का कटु सच है कि हर कोई बस कहना ही चाहता है। ऐसे में अपने बारे में बोलने के चलते लोग सिर्फअपने बारे में ही सोचने तक भी सिमट गए हैं। सब कुछ कह जाने की कैसी व्यस्तता है कि सामने बैठे इंसान के हाल जानने में कोई रुचि ही नहीं बची है। कहने की अति, संवाद को कोलाहल बना रही है। आपसी बातचीत का ऐसा असंतुलन, जो धीरे-धीरे लोगों को सहज संवाद से ही दूर कर रहा है। जाने-अनजाने आप भी ऐसा कर रहे हैं, तो ठहरकर सोचिए। अपनी बात कहने के साथ ही दूसरों के मन की सुनने का भी धैर्य रखिए।

### सुनने में बेरुखी

माइंडफुल लिसनिंग से बढ़ती दूरी दुनिया के हर समाज के लिए एक समस्या बन रही है। हालिया बरसों में हर उम्र के लोगों में किसी की बात सुनने के प्रति बेरुखी बढ़ी है। ऐसे में जब बात सुनने में ही रुचि नहीं तो समझना तो दूर की बात है। ऑस्ट्रेलिया के चर्चित अदाकार ब्रेन ब्राउन के मुताबिक, सुनने के प्रति उतने ही जुनूनी बनें, जितने आप सुने जाने के इच्छुक रहते हैं। तकलीफदेह है कि अब लोगों में सिर्फ अपनी बातें सुनाने की ही इच्छा रहती है। नतीजतन, माइंडफुल लिसनिंग से बढ़ती दूरी आपसी दूरियां भी बढ़ा रही है।

फ्रेंड्स और फैमिली तक भी बेरुखी भरी यह आदत अपनी जड़ें जमा चुकी है। किसी बात को ना सुनने के चलते अब दूसरे कई मानवीय मनोभाव भी व्यवहार से नदारद हैं। विनम्रता, केयर, सम्मान जैसी कई बातें, मन से किसी को सुनने से ही जुड़ी हैं। किसी के कहे विचारों पर गौर ना करना नकारात्मक बर्ताव ही कहा जा सकता है। ऐसी बेरुखी रिश्तों के रंग तो छीनती ही है बातचीत में भी असहजता रहती है। जबकि दुनिया के कई हिस्सों में अब माइंडफुल लिसनिंग का प्रशिक्षण दिया जाने लगा है। शिक्षक यह महसूस कर रहे हैं कि सुनना एक कौशल है, जिसे सिखाया जा सकता है। नैशविले के पब्लिक स्कूल सिस्टम में तो बाकायदा प्राथमिक कक्षा से हाईस्कूल तक सुनने का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। अमेरिका में लगभग दो दर्जन प्रमुख विश्वविद्यालय और कॉलेज ऐसे पाठ्यक्रम चला रहे हैं।

### संवाद का आधार

किसी को मन से सुनना हमें जीवंत बनाए रखने वाला इमोशन है। यह काम-काज की बेहतरी और संबंधों की गुणवत्ता का आधार है। शिकागो में जब एक मैन्युफेक्चरिंग प्लांट में शीर्ष अधिकारियों को उनकी जॉब में सुनने की भूमिका का रिव्यू करने के लिए कहा गया तो हैरान करने वाली बातें सामने आईं। खासतौर पर तीन टिप्पणियों में अधिकारियों ने अपने विचार बताए। एक ऑफिसर के अनुसार सच कहूं तो, मैंने कभी नहीं सोचा था कि सुनना अपने आप में एक महत्वपूर्ण विषय है। लेकिन इसके बारे में जानने के बाद मुझे लगता है कि शायद मेरा 80 फीसदी काम मेरे द्वारा किसी को सुनने पर, या किसी और के सुनने पर निर्भर करता है। दूसरे अधिकारी ने कहा, मैं उन चीजों के बारे में सोच रहा हूं, जो पिछले कुछ वर्षों में गलत हो गई हैं, और मुझे अचानक एहसास हुआ कि कई परेशानियां किसी के कुछ ना सुनने, या उसे गलत तरीके से समझने के क कारण हुई हैं।

तीसरी टिप्पणी में एक ऑफिसर द्वारा कहा गया, यह मेरे लिए दिलचस्प है कि हमने कंपनी में संवाद के कई पहलुओं पर विचार किया है। हमने अनजाने में सुनने को नजरंदाज कर दिया है। मैंने समझ लिया है कि यह कंपनी के आपसी बातचीत में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है और यही कड़ी सबसे कमजोर भी है। असल में व्यक्तिगत जीवन से लेकर काम-काजी दुनिया और घर-परिवार से लेकर दोस्तों के मेलजोल तक। हम सब भी आपसी कम्युनिकेशन को रिव्यू करेंगे तो ऐसे ही ख़यालों से सामना होगा। जिसका सीधा अर्थ है कि आपसी संवाद में ना केवल सुनना जरूरी है बल्कि सही ढंग सुनना और समझना भी आवश्यक है।

# साउथ एक्ट्रेस अरुंधति की हालत नाजुक वेंटिलेटर पर लड़ रहीं जिंदगी की जंग

**साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री अरुंधति नायर बीतो दिनों पहले एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई हैं जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हैं। इस समय एक्ट्रेस अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।**



तमिल और मलयालम इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री अरुंधति नायर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। साउथ एक्ट्रेस अरुंधति 14 मार्च को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई हैं और इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। एक्ट्रेस को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है और वह इस वक्त जिंदगी की जंग लड़ रही हैं।

### एक्ट्रेस की बहन ने की पुष्टि

एक्ट्रेस की बहन अराथी नायर ने इस खबर की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर जानकारी दी है। उन्होंने 18 मार्च को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर बताया कि अरुंधति नायर रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। इसके चलते उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और वह इस वक्त इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं।

उन्होंने पोस्ट में कहा, हमें तमिलनाडु के अखबारों और टेलीविजन चैनलों में छपी खबरों पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत महसूस हुई। यह सच है कि मेरी बहन अरुंधति नायर का 3 दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। वह गंभीर रूप से घायल हैं और वेंटिलेटर पर रहते हुए अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही हैं।

### बाइक से ट्रैवल कर रही थीं अरुंधति।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस का ये सड़क हादसा केरल के कोवलम बाईपास पर हुआ है। हादसे में एक्ट्रेस के सिर पर गहरी चोटें आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, जब ये दुर्घटना हुई, तब वह कथित तौर पर अपने भाई के साथ यात्रा कर रही थीं और उस वक्त वह एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू देकर घर लौट रहे थे। वहीं एक्ट्रेस के हादसे की खबर सामने आने के बाद उनके फैंस चिंतित हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआएं मांग रहे हैं।

### एक्ट्रेस का वर्क फ्रंट

बता दें कि अरुंधति नायर तमिल-मलयालम इंडस्ट्री की जाना-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने तमिल फिल्म 'पोंगी एझु मनोहरा' से साल 2014 में डेब्यू किया था। 2018 में आई 'ओट्टाकोरू कामुकन' से उन्होंने मलयालम सिनेमा में कदम रखा था। वह अंतिम बार 2023 में आई तमिल फिल्म 'आयिरम पोरकासुकल' में नजर आई थीं।

## केट शर्मा की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमन

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान हाई कर दिया है। हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट वीडियो शेयर किया है। केट शर्मा ने पीच कलर की सिजलिंग साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर लगे हाथ वायरल होने लगा है। केट शर्मा ने पीच कलर की सिजलिंग साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद फैंस का दिल मचलने लगा है। टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान हाई कर दिया है।

# पेशाब से आती बदबू को ना समझें आम

**ब्लड शुगर लेवल हाई होने पर पेशाब से ग्लूकोज जैसी गंध आने लगती है। ऐसे में अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो इस स्थिति में बिना अधिक देरी किए एक बार अपना शुगर लेवल जरूर जांच लें। सिस्टाइटिस ब्लैडर का संक्रमण होता है। इस स्थिति में ब्लैडर पर सूजन अधिक बढ़ने लगती है और ऐसे में भी पेशाब से तेज गंध आने लगती है।**



किसी बीमारी की चपेट में आने पर हमारा शरीर कई तरह के संकेत देता है। ये संकेत आपको हाथ, पैर, गर्दन, चेहरे, जीभ या शरीर के किसी भी अन्य अंग पर नजर आ सकते हैं। इन सब से अलग हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कुछ बीमारियों की चपेट में आने पर सबसे पहले व्यक्ति के यूरिन में इसके लक्षण नजर आने लगते हैं। यही वजह है कि अक्सर डॉक्टर आम से लेकर गंभीर स्थिति में यूरिन टेस्ट की सलाह देते हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पेशाब के रंग से लेकर इसकी गंध भी व्यक्ति की सेहत का हाल बयां कर सकती है। कई बार लोग यूरिन की स्मेल को आम समझकर इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि ये आपकी बिगड़ी सेहत की ओर एक इशारा भी हो सकता है। ऐसे में अगर आपके पेशाब से भी खराब गंध आती है, तो यहां हम इससे जुड़ी कुछ स्वास्थ्य परिस्थितियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें समय रहते पहचानकर आप स्थिति को अधिक गंभीर होने से रोक सकते हैं।

**इन बीमारियों का संकेत हो सकती है पेशाब से आती गंध**

### यूटीआई

यूटीआई यानी यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन खासकर महिलाओं में होने वाली सबसे आम समस्याओं में से एक है। कई बार पब्लिक वॉशरूम इस्तेमाल करने, शरीर में पानी की कमी या अन्य कारणों के चलते महिलाओं को मूत्र पथ में संक्रमण की समस्या परेशान करने लगती है। वहीं, पेशाब से बदबू आना यूटीआई के अहम लक्षणों में से एक है।

दरअसल, जब संक्रमण मूत्रमार्ग और किडनी को प्रभावित करता है, तो पेशाब से तेज दुर्गंध आने लगती है। वहीं, अगर आपको यूरिन में तेज गंध के साथ-साथ जलन, खुजली, सफेद पानी, पेशाब टपकना, बार-बार पेशाब आने जैसी आदि समस्याएं परेशान कर रही हैं, तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें। समय रहते यूटीआई की स्थिति से निजात न पाई जाए, तो गंभीर मामलों में ये सर्वाइकल कैंसर का कारण भी बन सकता है।

### डायबिटीज

ब्लड शुगर लेवल हाई होने पर पेशाब से ग्लूकोज जैसी गंध आने लगती है। ऐसे में अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो इस स्थिति में बिना अधिक देरी किए एक बार अपना शुगर लेवल जरूर जांच लें।

### सिस्टाइटिस

सिस्टाइटिस ब्लैडर का संक्रमण होता है। इस स्थिति में ब्लैडर पर सूजन अधिक बढ़ने लगती है और ऐसे में भी पेशाब से तेज गंध आने लगती है। इसके अलावा सिस्टाइटिस की स्थिति में पीड़ित को पेशाब करते समय तेज जलन और यूटीआई के अन्य लक्षणों से भी जूझना पड़ता है। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की स्थिति परेशान कर रही है, तो अधिक देरी किए बिना डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### किडनी से जुड़ी बीमारी

बता दें कि ह्यूमन बॉडी में मौजूद दोनों किडनी ब्लड को फिल्टर कर टॉक्सिन को पेशाब के रास्ते बाहर निकालने का काम करती हैं। हालांकि, जब शरीर में टॉक्सिन की मात्रा अधिक बढ़ने लगती है, तो पेशाब में गंध की परेशानी भी अधिक बढ़ जाती है। वहीं, शरीर में बढ़ते ये टॉक्सिन एक समय बाद किडनी के काम को भी प्रभावित करने लगते हैं। इस स्थिति में भी समय रहते हेल्थ एक्सपर्ट्स से सलाह लेना जरूरी हो जाता है।

### लिवर में गड़बड़ी

लिवर से जुड़ी किसी तरह की समस्या होने पर मल और मूत्र में इसके लक्षण नजर आने लगते हैं। वहीं, बात पेशाब में बदबू कि की जाए, तो पिलिया से पीड़ित होने पर व्यक्ति को यूरिन से स्मेल आने लगती है। ऐसे में अगर आपको पेशाब का रंग अधिक पीला नजर आ रहा है, इसके साथ ही पेशाब से तेज गंध भी आ रही है, तो तुरंत डॉक्टर से जांच जरूर कराएं।

## मनोरंजन

**फुल एक्शन अवतार में दिखाई दिए जॉन अब्राहम, शरवरी वाघ**

# फिल्म वेदा का धमाकेदार टीजर रिलीज



जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की मोस्ट अवेटेड फिल्म वेदा का दमदार टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ फुल ऑन एक्शन अवतार में दिखाई दिए हैं। टीजर में शरवरी वाघ को सिस्टम के खिलाफआवाज उठाते देखा जा सकता है।

वहीं जॉन अब्राहम उनके रक्षक बनकर उनके साथ जंग लड़ते दिखाई देंगे। दोनों स्टार्स का सामना विलेन बने अभिषेक बनर्जी से होने वाला है। वेदा के टीजर की शुरुआत शरवरी वाघ के एक्शन लोडेड अवतार से होती है। जो अपनी हक की लड़ाई लड़ने के लिए जद्दोजहद करती दिखाई देती हैं। इसके बाद जॉन अब्राहम की एंट्री होती है जो कहते हैं- मुझे झगड़ना नहीं आता, सिर्फजंग लड़नी आती है। इसके बाद जब उनके दुश्मन उनकी पहचान पूछते तो वो खुद को बाप बताते हैं। वेदा के टीजर में तमन्ना भाटिया की भी झलक देखने को मिलती है। फिल्म में तमन्ना और जॉन की केमिस्ट्री देखने को मिल सकती है।

जी स्टूडियो के प्रोडक्शन में बनी एक्शन फिल्म वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। इसके अलावा अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया भी फिल्म का हिस्सा हैं। वेदा इसी साल 12 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी। बता दें कि वेदा के जरिए जॉन अब्राहम डेढ़ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। एक्टर आखिरी बार शाहरुख खान स्टारर पठान में दिखाई दिए थे। फिल्म में जॉन विलेन के रोल में नजर आए थे और ये फिल्म पर्दे पर हिट रही थी

## आयुष शर्मा की रुस्लान का पहला गाना ताड़े जारी

सलमान खान के बहनोई और बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म रुस्लान को लेकर चर्चा में हैं। इसमें आयुष की जोड़ी मिश्रा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। इस फिल्म के जरिए सुश्री अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब रुस्लान का पहला गाना ताड़े जारी कर दिया है, बेहद प्रतिभाशाली विशाल मिश्रा द्वारा रचित और गाया गया यह ट्रैक, जिसका शीर्षक ताड़े है, अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन और आत्मा को झकझोर देने वाले गीतों के कारण सबसे अलग है।प्रखर गीतकार शब्बीर अहमद द्वारा लिखित, ताडे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन की पृष्ठभूमि में जुनून और इच्छा की कहानी बुनती है।

भावोत्तेजक गीत और मिश्रा के भावपूर्ण गायन के साथ, यह गीत श्रोताओं को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है जहां प्यार की कोई सीमा नहीं होती और भावनाएं गहरी होती हैं। ताड़े का आकर्षण प्रशंसित रजित देव की कोरियोग्राफी ने बढ़ा दिया है, जिनकी उत्कृष्ट चालें गाने को स्क्रीन पर जीवंत बना देती हैं। हर कदम और भाव-भंगिमा के साथ, नर्तक संगीत में जान डाल देते हैं। मुख्य जोड़ी आयुष शर्मा और सुश्री मिश्रा को एक साथ देखना एक सुखद अनुभव है।मुख्य अभिनेता आयुष शर्मा ने कहा, अगर टीजर में स्केल और पंच दिखाए गए हैं, तो ताड़े के साथ हम दर्शकों को रुसलान की आत्मा का दर्शन करा रहे हैं।

गाने की शूटिंग के अपने अनुभव को याद करते हुए, अग्रणी महिला सुश्री मिश्रा ने कहा, ताड़े का प्रदर्शन करना मेरे लिए एक उत्साहजनक अनुभव था, क्योंकि इससे मुझे नृत्य के प्रति अपने जुनून को उजागर करने का मौका मिला। एक नवोदित कलाकार के रूप में, मेरा मानना है कि यह गाना एक प्रदर्शन है मेरी प्रतिभा और उसमें मेरे द्वारा की गई कड़ी मेहनत का प्रतिबिंब। यह गाना सारेगामा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।




दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कैंसर-किडनी के मरीजो के लिए वरदान बना जिला हॉस्पिटल

**कवर्धा।** जिला हॉस्पिटल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं ने गढ़ा नया कीर्तिमान पूर्ववर्ती सरकार में कागजो में चलने वाली स्वाथ्य सेवाएं सरकार बदलने के साथ ही काम कागजो की जगह जमीन में दिखने लगे है। जिला हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं में लगतार सुधार आने के साथ गंभीर बीमारियोंके मरीजो को भी बेहतर इलाज की सुविधा मिलनके लगी है। जिला हॉस्पिटल के अस्थिरोग विभाग में प्लास्टर से लेकर सभी प्रकार की अस्थि रोग की सर्जरी विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा की जा रही है । इसी तरह जनवरी 2024 से लेकर आज दिनांक तक लगभग 800 से अधिक सुरक्षित प्रसव किये जा चुके है जिसमे 600 नॉर्मल डिलीवरी और 200 से अधिक सिजिरियन डिलीवरी हुई है। जिला हॉस्पिटल में दिसम्बर 23 से फरवरी 24 तक किडनी के मरीजो की लगभग 923 बार डायलिसिस की गई है। जिला अस्पताल में कैंसर व किडनी रोग का इलाज व सेवा मिलने इन गम्भीर बीमारियों से ग्रसित मरीजो का काफी राहत मिल रही है। पहले डायलिसिस व कीमो केलिए निजी अस्पताल व रायपुर का चक्कर लगाना पड़ता था। जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सको की सेवा जिलेवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षित तुवानी ने बताया कि अभी जिला हॉस्पिटल में 20 कैंसर मरीजो का इलाज चल रहा है जिनको 51 से अधिक कीमो दिया जा चुका है। केंसर के मरीजो में 7 स्टमक कैंसर 3 ब्लड कैंसर 4ओवरियन कैंसर 4 ब्रेस्ट कैंसर 5 सर्वाइकल कैंसर के मरीज है। डॉ हर्षित तुवानी ने बताया कि कैंसर के प्रति लोगो को जागरूकता होना जरूरी है और कैंसर होने पर समय में इलाज से मरीज के जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है कैंसर के लिए लोगो को फूंक झाड़ से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षण लगते ही जिला हॉस्पिटल के कमरा नम्बर 2 व 3 में आ कर दिखा सकते है ताकि सही समय पर इलाज प्रारम्भ हो सके ।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान विकास ने आमजनों को 'न्याय गारंटी' की जानकारी दी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में रायपुर के चर्चित चेहरे के रूप में युवा प्रत्याशी विकास उपाध्याय टिकट मिलने के बाद से ही लगातार अपने चिर परिचित अंदाज़ में जनता से मुलाकात कर रहे है। काँग्रेस पार्टी द्वारा जारी 'न्याय गारंटी' के लाभ के बारे में आम जन से लगातार बात कर योजना की विशेषताओं को जनता के बीच बातों के माध्यम से बताते हुये काँग्रेस के समर्थन में वोट की अपील कर रहे है। बुधवार सुबह विकास उपाध्याय पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के साथ उत्तर विधानसभा के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड स्थित ऑक्सीजोन में मॉर्निंग वॉक करते हुये पहुँचे और आम जनता से बात की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की 'न्याय गारंटी' के पांच स्तंभ-किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय के बारे में बताया एवं जनसंपर्क किया।बता दें कि विकास उपाध्याय रायपुर लोकसभा से प्रत्याशी घोषणा के बाद से ही पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे सुबह 6 बजे से अपने प्रचार की शुरुवात कर रहे हैं। सुबह सुबह लोग सेहत को ठीक रखने उद्यानों में व्यायाम करने निकलते है। आज विकास उपाध्याय ने भी अपने जनसंपर्क की शुरुवात ऑक्सीज़ोन पार्क से की। भेंट मुकालात के दौरान जनता ने विकास उपाध्याय को आश्वस्त किया कि इस बार रायपुर लोकसभा को एक ऊर्जावान युवा चेहरा मिला है जो जनता के बीच चौबीस घंटे सातो दिन उपलब्ध रहता है।

# मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है - कलेक्टर

### आकर्षक मेहंदी एवं रंगोली बनाकर महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्रा विद्यालय बसंतपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थी। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिलाओं के बीच रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एवं कुर्सीदौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई।



कलेक्टर अग्रवाल ने बच्चों द्वारा मतदान के अधिकार एवं मतदान के महत्व के संबंध में बनाए गए रंगोली की तारीफ की। उन्होंने बच्चों को लोकसभा निर्वाचन में अपने और अपने परिवार के अन्य सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है, इसका प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान करने जो व्यक्ति बूथ तक जाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ अपने परिवार, आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें मतदान के महत्व के संबंध में भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहता है। इसके लिए नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी देना है और उन्हें प्रेरित करना है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आस-पास के लोगों को प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि संसदीय निर्वाचन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिए शत-प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने अपने साथ अपने परिवार, पड़ौसी, मोहल्ले एवं कॉलोनी वालों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत लगभग 300 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने रंगोली, मेहंदी, नारा लेखन सहित विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु अपील किया। महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता अंतर्गत आकर्षक मेहंदी बनाई। महिलाओं ने अपने हाथों में देश का महात्यौहार 26 अप्रैल 2024, देश के लिए करें मतदान जैसे संदेशों को लिखाया। इसी तरह रंगोली बनाकर बच्चों ने 18 प्लस होने के बाद मतदान हमारा अधिकार, आओ वोट करें और चुनाव नहीं मतदान करें नये भारत का निर्माण करें, आपकी समझदारी काम आएगी देश को खुशहाली बनाएगी जैसे नारा लेखन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गुरूप्रीत कौर, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे।

# महिलाएं घर संभालने के साथ ही हाउस वाईफ नही हाउस मेकर है : रजनी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** जेके फ़ाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन होटल अमित पार्क में किया। जिसमें मुख्य रूप से विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती रजनी बघेल विजय बघेल, डॉक्टर श्रुतिका देवेंद्र यादव, डॉक्टर नेहा गुप्ता, डॉक्टर दीपा मघनी, डॉ अभिषेक मिश्रा, डॉक्टर हर्षिता तिवारी, डॉ सुकृति अरोड़ा और वैशाली नगर विधायक प्रतिनिधि अन्नू राणा उपस्थित थे।

इस दौरान अतिथियों ने द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई गणेश वंदना बी उषा द्वारा किया गया। इस दौरान जया रेड्डी और रुचि जैन,मीनू बिष्ट,दीक्षा, प्रियंका मीणा,ललिता चोपड़ा,झिलमिल बनर्जी, उमा कुशवाहा, भानुप्रिया रेड्डी, नंदिनी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विशेष अतिथि रजनी बघेल ने कहा यह गर्व की बात है आज महिलाएं घर से निकल कर कार्य कर रही है वह घर को भी संभालती है और बाहर भी आज महिलाएं हाउस वाइफ नहीं हाउस मेकर है मैं सभी महिलाओं को बधाई देती हूं। विशेष अतिथि डॉक्टर श्रुतिका देवेंद्र यादव ने कहां की आज की महिलाएं बहुत जागरूक हो गई है। आज दादी मां और बेटी एक समानता बना कर चल रही है, इसलिए समाज में एकरूपता आई है और महिलाएं घर बाहर निकलते हुए अपने मुकाम में पहुंच रही है। उन्होंने जे के फ़ाउंडेशन के बारे में भी कहा महिलाओं को एक दिशा देने का काम कर रही है। डॉक्टर नेहा गुप्ता मेंबर जज दुर्ग डिविजन ने भी संबोधित करते हुए कहा अपमान मत करना नारियों का इनके बल पर जग चलता है पुरुष जन्म लेकर तो इन्हीं के गोद में पलता है उन्होंने सभी अचीवर्स को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉक्टर वी आई पी गेस्ट डॉक्टर मानसी गुलाटी एम बी बी एस डी ऐन पी, डॉक्टर अन्जुम नवाब बाम्स फॉर्म स्पेशलीस्ट ईन गायनिको, अरुणा राना समाज सेविका, आदि उपस्थित थे।

# स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दलों के कार्यो की कलेक्टर ने की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में उड़न दस्ता दल एफएसटी तथा स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी की समीक्षा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चैक पोस्ट में निगरानी दल कड़ाई से वाहनो के आवागमन पर बारिकी से नजर रखें और संदिग्ध वाहनों पर तत्काल कार्यवाही करें।

साथ ही उन्होंने प्रत्येक चैक पोस्ट में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि जिले में 8 चैक पोस्ट पातररास, जावंगा, भांसी, नकुलनार, बड़े सुरोखी, कटेकल्याण, फरसपाल, बारसूर में बनाये गये है। इसी प्रकार एफएसटी टीम में दन्तेवाड़ा, गीदम, बारसूर, कटेकल्याण, कुआकोंडा, बड़े बचेली, किरंदुल में तैनात रहेगी। स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में प्रत्येक दल में 01 कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा 3-4 पुलिसकर्मी होगें यह दल चेक पोस्ट पर कार्य जांच करेगें। कुछ निगरानी दल क्षेत्र की संवेदनशीलता के आधार पर जगह बदल-बदल कर चेक पोस्ट संचालित करेगें। दल का कार्य अपने क्षेत्र में अवैध शराब, भारी मात्रा में नकदी, हथियार गोला बारूद आवागमन तथा असामाजिक तत्वों के आवाजाही पर नजर रखना रहेगा। साथ ही सम्पूर्ण जांच प्रकिया की विडियों ग्राफी की जावेगी। एस.एस.टी. टीम का मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजेंगें। कार्यपालिक गजिस्ट्रेट की उपस्थिति के बगैर कोई जांच नहीं होगी । जांच के दौरान नियामनुसार से अधिक नकदी पायी जाती है, अथवा वाहन में पोस्टर निर्वाचन सामाग्री या कोई मादक पदार्थ हथियार, या नियामनुसार मूल्य से अधिक उपहार की वस्तुएं लायी जा रही, या कोई गैर कानूनी वस्तुएं पायी जाती है तो जांच कर जब्त की जाएगी और सम्पूर्ण कार्यवाही की विडियोग्राफी की जावेगी। जांच के दौरान यदि किसी अपराध होने की आशंका है तो कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सी.आर.पी.सी. के प्रावधानों के अनुसार एस.एस.टी. के प्रभारी पुलिस अधिकारी द्वारा नकदी या अन्य की जब्ती की जावेगी। इसी प्रकार उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक निगरानी दल एवं विडियों सर्वलेन्स दलों तथा उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों को निष्पक्षता के साथ जांच करने सहित विडियो सर्वलेन्स दल को रैली आमसभा, कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये।

# प्राकृतिक रंगों से मनेगी होली, मदनपुर वसुंधरा कलस्टर की दीदीयों ने तैयार किया हर्बल रंग और गुलाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** रंगों के पर्व होली के त्योहार को लेकर तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है,इस बार होली 25 मार्च को खेली जाएंगी। गरियाबंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर की वसुंधरा कलस्टर की दीदीयों ने हर बार की तरह इस बार भी दीदीयों ने होली के प्राकृतिक रंग तैयार किए हैं। दीदीयों ने आरा रोट,गुलाब जल,पालक, चुकंदर,पदीना के पत्ते,पाउडर व कई तरह के फूलों का मिश्रण बनाकर इन रंगों को तैयार किया हैं।



कलस्टर की दीदीयों द्वारा रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से लाल,पीला,हरा,संतरी,गुलाबी,नीला ,आदि रंग तैयार किया जा रहा है। अपनी गृहस्थी में व्यस्त दीदीयों के द्वारा रोजाना समय निकाल कर सप्ताह मे एक क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार कर रंगों को बिक्री के लिए मार्केट में उतारा गया है।कलस्टर की दीदीयों द्वारा प्राकृतिक रंगों का मूल्य बाजार के मूल्य से कम रखा गया है।

दीदीयों ने इन रंगों को 40 रूपए 250 ग्राम प्रति पैकेट के हिसाब से बेच रहे हैं।वहीं एक किलो 150 रूपए मे बिक्री कर रहे हैं लोगों को भी ये रंग खासे पसंद आ रहे हैं,जिसके लिए कलस्टर की दीदीयां काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। कलस्टर की महिला वेद देवांगन ने बताया कि प्राकृतिक रंग गरियाबंद जनपद पंचायत में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है वहीं हर्बल रंगों की एडवांस बुकिंग आ रही है। उन्होंने कहा कि आसपास के क्षेत्र के लोगों के द्वारा हर्बल रंगों की काफी डिमांड है। इसमें किसी भी तरह का केमिकल का प्रयोग नहीं हुआ है। लिहाजा इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।इन रंगों की खास बात यह है कि रंगों को प्राकृतिक सामग्री से तैयार किया गया है, जोकि बिलकुल सुरक्षित है।

कलस्टर पदाधिकारी हसीना कंवर,कमलेश्वरी दीवान,एन कुमारी ध्रुव व कलस्टर प्रभारी पीआरपी ज्योति साहु ने बताया कि पिछले साल भी रंगों की काफी मांग थी,जिससे महिलाओं को काफी आर्थिक लाभ मिला।दीदीयों ने बताया कि प्राकृतिक रंगों से कई तरह के फायदे होते हैं और त्वचा को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता।

और इस बार रंगों की बिक्री से अच्छी आय हासिल होने की उम्मीद है।की इस पहल से अन्य कलस्टर की दीदी लोग भी ऐसा करने की प्रेरित हो रही हैं,ताकि महिलाओं की आर्थिकी और अधिक सुदृढ़ हो सके।वसुंधरा कलस्टर की दीदीयों ने ने बताया गरियाबंद जनपद पंचायत मे स्टॉल लगाया गया है जहा पर्याप्त मात्रा मे गुलाल उपलब्ध हैं।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन पर केन्द्रित एक दिवसीय कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई पर केन्द्रित एक दिवसीय कार्यषाला आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव, हिमांषु शेखर मंडावी ने बताया कि इस कार्यषाला का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के सभागार में किया गया। इस कार्यषाला में राज्य एनएसएस सम्पर्क अधिकारी, डॉ. नीता बाजपेयी के निर्देषानुसार लगभग 150 से अधिक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।




कार्यषाला के आरंभ में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेषन एआईएसएचई की महत्ता एवं उसके लिए आवष्यक जानकारी एकत्रित करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। दीप प्रज्जवलन एवं माता सरस्वती पूजन के साथ आरंभ हुए उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेषन एआईएसएचई से संबंधित प्रपत्र को ध्यान से भरना चाहिए। क्योंकि इन्हीं पूरे देष के आंकड़ों को एकत्रित कर राष्ट्रीय स्तर पर योजनाएं तैयार की जाती है। डॉ. पल्टा ने कहा कि महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन कराने हेतु भी ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेषन एआईएसएचई का प्रमाणपत्र आवष्यक है।

कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने अपने संबोधन में सभी महाविद्यालयों से शासन की प्रत्येक नीति के अनुरूप समस्त आवष्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उद्घाटन समारोह में विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। इस एक दिवसीय कार्यषाला में राज्य शासन की ओर से प्रमुख वक्ता शासकीय मॉडल कॉलेज, धनोरा के प्रभारी प्राचार्य, डॉ विकास पंचाक्षरी ने लगभग डेढ़ घंटे अवधि के पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेषन एआईएसएचई से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान किये। अनेक प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों ने प्रष्न पुछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के. एल. चौहान बुधवार को बलौदाबाजार स्थित वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचे । उन्होंने बुजुर्गों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर अभिनंदन करने के साथ ही श्रीफल व व गर्म कपड़े देकर सम्मानित भी किया। कलेक्टर चौहान ने स्वीप के तहत लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया। उपस्थित बुजुर्गों ने अपने हाथों में आकर्षक नारा लिखा पोस्टर लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिए।

कलेक्टर चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदान जरुरी है। बिना किसी भय व लोभ के स्वतंत्र रूप से मतदान करें। आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र व दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। जिले में इस बार शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों का हाल -चाल पूछते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं, भोजन, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली ।

ज्ञातव्य है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के.एल. चौहान के मार्गदर्शन तथा स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले भर में चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम, जनपद सीईओ एमएल मंडावी सहित एनआरएलएम एवं समहू की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

### राजस्व संबंधी कार्य का संपादन नियमित : एसडीएम

**जशपुरनगर।** एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने पत्थलगांव अनुभाग क्षेत्र के सभी आर.आई. और पटवारियों की बैठक लेकर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में उनके दायित्व के अतिरिक्त राजस्व संबंधी कार्य का भी संपादन नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आर.आई. और पटवारियों को नियमित रूप से सोमवार और मंगलवार को पटवारी कार्यालय में बैठने के लिए कहा। एसडीएम ने तहसलीदार को आर.आई. एवं पटवारियों की मुख्यालय में उपस्थित का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं साथ राजस्व अभिलेख दुरुस्ती और शिविर के आवेदन को प्राथमिकता से निराकृत कर प्रतिवेदन जमा करने के लिए कहा। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर तत्काल सूचना देने के लिए भी निर्देशित किया है। गर्मी की मौसम के देखते हुए मतदान केंद्र में गर्मी के अनुसार एएमएफ के अतिरिक्त आवश्यकता हेतु जानकारी लेकर सतर्क रखने की बात कही।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# स्कूल का छज्जा गिरने से 11 बच्चे हुए घायल

## स्कूल के अंदर मिड डे मील खा रहे थे बच्चे, अचानक सिर पर गिरने लगे ईंट

**कोरबा (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में 11 बच्चे स्कूल का छज्जा गिरने से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसा उस वक्त का है जब बच्चे मिड डे मील खा रहे थे। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में तेज आंधी तूफान का कहर देखने को मिला है। कोरबा जिले के दर्रीपाड़ा प्राथमिक स्कूल में आंधी तूफान चलने से बड़ा हादसा हो गया। तेज आंधी तूफान के कारण स्कूल का छज्जा गिर गया है। वही इस हादसे में करीब 11 बच्चे घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चे नीचे बैठकर मिड डे मील खा रहे थे। इसके बाद आनन-फानन में सभी बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर जाया गया।





बताया जा रहा है कि दर्रीपाड़ा इलाके में स्थित प्राथमिक स्कूल में जब बच्चे मिड डे मील खा रहे थे। उस वक्त तेज आंधी तूफान चलने के कारण स्कूल का छज्जा बच्चों के ऊपर गिर गया। इस हादसे में करीब 11 बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज हवा चलने से टीन उड़ाने के साथ ही ईंट के पत्थर बच्चों के सिर पर गिरे हैं। जिस वजह से बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पसान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 11 में से 6 बच्चों को इलाज के बाद फिलहाल घर भेज दिया गया है। वही 5 बच्चों का इलाज अभी भी जारी है।

### कोरबा कलेक्टर ने कहा - जांच के बाद होगी कार्रवाई

बतादे कि स्कूलों में टीन का छज्जा लगाना प्रतिबंधित है। नए नियम के अनुसार सभी स्कूलों में छत का निर्माण किया जा चुका है। बावजूद इसके टीन की छत के नीचे बच्चों को मिड डे मील का भोजन कराया जा रहा था। हालांकि इस मामले की शिकायत के बाद कोरबा कलेक्टर ने जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की बात की है। वहीं उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फोन लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी मिली है।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

वहीं जब इस पूरे मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से बातें संज्ञान में आई है। इस मामले में पहले जांच की जाएगी और जांच के बाद दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खास खबर

### आबकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में जप्त की कच्ची महुआ शराब



**दुर्ग।** आबकारी विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग एवं संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग के संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब विक्रय तथा निर्माण की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम घोरारी थाना रानीतराई जिला दुर्ग में आरोपी सरस्वती मारकण्डे व अकाश मारकण्डे के कब्ज से कुल 189.5 बल्क लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब एवम 1100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया जाकर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 34(1) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

वहीं एक अन्य मामले में प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम नवागांव में अवैध शराब विक्रय पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपी हरिराम नवरंगे आत्मज नारायण सिंह के कब्जे से 6.6 बल्क लीटर विदेशी व्हिस्की मदिरा निर्मला ठाकुर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जप्त किया गया है। तथा आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण विवेचना में लिया गया।

### नाराज शख्स ने कर दी पड़ोसी की हत्या

**जशपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दरवाजा खटखटाने से नाराज शख्स ने पड़ोसी की हत्या कर दी। शख्स ने अपने पड़ोसी पर लकड़ी फारा से ताबड़तोड़ वार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अंबिकापुर अस्पताल ले जाया जा रहा था इस दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना 17 मार्च की रात की है। वहीं इस मामले में पुलिस ने दो दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### संदिग्ध अवस्था में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**बलरामपुर (ए)।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। वाड्रफनगर तहसील में पदस्थ क्लर्क की संदिग्ध अवस्था में जंगल किनारे लाश मिली है। लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। ये घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी की है।

जानकारी के अनुसार, वाड्रफनगर पुलिस चौकी के राजखेता ग्राम के पास जंगल किनारे सुबह एक लाश मिली। जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो घटना की जानकारी वाड्रफनगर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान वाड्रफनगर तहसील में पदस्थ क्लर्क फुलकेवर लगभग 60 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं मृतक का मोबाइल भी घटना स्थल से गायब है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। परिजनों के आने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजवाएगी।

### नशे में धुत्त युवतियों का हाई-वोल्टेज ड्रामा, बीच सड़क पर जमकर मचाया हंगामा

**सरगुजा (ए.)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दो युवतियों का हाई वोल्टेज ड्रामा वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा। इस वीडियो में नशे में धुत दो युवतियां बारिश के बीच सड़क पर जमकर हंगामा करते दिख रही हैं। इस दौरान रफ्तार से वाहन भी सड़क से गुजरती दिखाई दे रही हैं। ऐसे में बड़ा हादसा भी हो सकता था। बहरहाल युवतियों पर नशा सिर चढ़कर बोल रहा था। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवती सड़क पर जमकर चिल्ला रही है। इतने में दूसरी युवती ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन वह उसे उठाने के साथ उसे लेकर सड़क पर धारासायी हो गई।

### हथियार लहराकर फैला रहे थे दहशत, 2 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए.)।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र में दो युवक धारदार हथियार लहराकर क्षेत्र में दहशत फैला रहे थे। सूचना मिलते ही पचपेड़ी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गेश यादव पिता रामायण यादव 25 वर्ष निवासी धूरवाकारी और रणवीर उर्फ चुक्कु पाटले पिता रामदास पाटले 28 वर्ष निवासी केवतरा को हथियार के साथ पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा है, जिनसे हथियार जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

# अंतर्राज्यीय मोबाईल चोर गिरोह:5 सदस्य गिरफ्तार, 7 मोबाईल जब्त

**रायपुर (ए)।** रायपुर और दुर्ग से आधा दर्जन से ज्यादा मोबाईल फोन चोरी करने वाले झारखण्ड गिरोह के एक नाबालिग सहित 5 अंतर्राज्यीय सदस्यों को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों ने रायपुर और दुर्ग के अलग-अलग स्थानों से 7 नग मोबाईल फोन चुराए थे।

मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका चौक स्थित शराब भठ्ठी के पास दो व्यक्ति अपने पास मोबाईल फोन रखे है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शिवा महतो एवं जतन कुमार महतो निवासी झारखण्ड बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास मोबाईल फोन रखा होना पाया गया, दोनों से मोबाईल फोन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देकर गुमराह करने लगे। टीम द्वारा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा मोबाईल फोन को चोरी का होना बताने के साथ-साथ अपने अन्य साथी बिरझू सिंह, राहुल कुमार महतो तथा नाबालिग बालक के साथ मिलकर रायपुर एवं दुर्ग के भीड़ -भाड़ वाले अलग-अलग स्थानों से कुल 7 नग मोबाईल फोन चोरी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सभी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कब्जे से चोरी की कुल 7 मोबाईल फोन कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपये जप्त कर थाना गंज में धारा 41(1+4)जा.फौ./379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई किया गया।




### टेस्ट ड्राईव के बहाने वाहन लेकर भागे दो नाबालिग,एक पकड़ाया

**जगदलपुर (ए.)।** जगदलपुर में महिन्द्रा थार गाड़ी लेकर भागने वाले दो नाबालिगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा वाहन बरामद किया है। आरोपियों ने महिन्द्रा शो रूम से महिन्द्रा थार वाहन को टेस्ट ड्राईव के लिए मंगवाया और वाहन लेकर फरार हो गये। हालांकि सूचना पर परपा थाना पुलिस ने एक आरोपी को एक घंटे में गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दो नाबालिगों ने वाहन खरीदने और टेस्ट ड्राइव के लिये महिन्द्रा कंपनी के कर्मचारियों को थार वाहन लेकर ग्राम तोकापाल में बुलाया था। इस दौरान ग्राम एर्राकोट पाण्डुपारा में वाहन रूकवाकर नाबालिगों ने कर्मचारियों को वीडियो बनाने को कहा। कर्मचारी वीडियो बनाते रह गये और नाबालिग थार वाहन को चोरी की नियत से लेकर फरार हो गए। इस दौरान दोनों बालक चोरी की महिन्द्रा थार गाड़ी तोकापाल के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लेकर घूमते रहे। इधर कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पुलिस ने ग्राम एर्राकोट पाण्डुपारा में वाहन जप्त कर लिया। पुलिस को देख दोनों नाबालिग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मोबाइल फोन ट्रेस कर एक आरोपी को पकड़ लिया, वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है।

# ढाई लाख का गांजा पकड़ाया, तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** जिले की मंदिर हसौद थाना पुलिस ने उडिसा से गांजा लेकर रायपुर जा रहे एक महिला तस्कर तथा एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है। महिला बस मे अपने साथ करीब ढाई लाख रूपये का गांजा लेकर बिक्री करने रायपुर आ रही थी।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है।

नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही




समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में 18 मार्च को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि उडीसा से रायपुर की ओर आ रहीं एक बस में सवार एक महिला व लड़का अपने पास गांजा रखकर बिक्री करने हेतु रायपुर आ रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका में नाकेबंदी पाईंट लगाया गया।

इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा बस को आता देखकर रूकवाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के महिला एवं लड़के को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम कुम्मन जेना निवासी उडीसा का होना बताया तथा लड़का नाबालिग निकला। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर 3 अलग - अलग बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा महिला आरोपी कुम्मन जेना एवं नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 24.390 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग ढाई लाख रूपये जप्त कर दोनों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### 3 वर्ष से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गरियाबंद (ए)।** स्थानीय न्यायालय में पेशी के दौरान उपस्थित न होने के चलते न्यायालय द्वारा एक आरोपी जो तीन वर्ष से फरार था, वहीं एक आरोपी दो वर्ष से फरार था उन दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिखली के बिरस राम सोरी पिता कोलाराम सोरी के खिलाफ वर्ष 2020 में 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट के मामले में न्यायालय में पेशी चल रहा था, उसी दौरान से आरोपी फरार था, वहीं संतोष कुमार पिता धनाली दीवान ग्राम नांगाबुडा के खिलाफ वर्ष 2021 धारा 279 ,337 के तहत पेशी चल रहा था, लेकिन दोनों आरोपी लगातार न्यायालय का अवहेलना कर पेशी में उपस्थित नहीं हो रहे थे जिसके चलते दोनों आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

# ऑनलाईन सट्टा पर सख्त कार्यवाही करने आईजी मिश्रा ने दिये निर्देश

**रायपुर (ए)।** पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को जिला रायपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली।

रायपुर जिले के शहरी क्षेत्रों, कस्बों में अव्यवस्था एवं अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण हेतु अर्बन डिसआर्डर मिटिगेशन प्लान के तहत क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए कार्रवाई की जाए ताकि जनता में सुरक्षा की भावना विकसित हो। इसी तारतम्य में सभी राजपत्रित अधिकारियों को अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चाकूबाजी, अड्डेबाजी, नशाखोरी आदि में सम्मिलित व्यक्तियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुये शांतिपूर्ण चुनाव करवाने एवं समस्त व्हीआईपी मूवमेंट में सजगतापूर्वक ड्यिूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराधों की विवेचना, संमंस-वारंट की तामिली, जुआ-सट्टा या नशे का सामान, कबाड़ी एवं अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई बढ़ाई जाए तथा डायल 112 या अन्य माध्यमों से प्राप्त आसूचनाओं को संकलित कर इनका उपयोग अपराधों के रोकथाम के लिए किया जाए।

शांति पूर्वक होली के त्योहार मनाने हेतु शांति समिति की बैठक लेकर फ्लेग मार्च निकालने तथा क्षेत्र में तीन सवारी व नशा कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजपत्रित अधिकारियों को अभियोजन अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपराधिक रिकार्ड का समुचित उपयोग करते हुये अपराधियों का बेल केन्सिलेशन की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिये गये। आने वाले समय में आईपीएल के आयोजन को देखते हुये ऑनलाइन सट्टा पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

## प्रत्येक आरोपी को 2700-2700 रुपये अर्थदंड, एक नाबालिग समेत चार अन्य फरार

# मारपीट व हत्या के मामले में 6 को आजीवन कारावास

**कोरबा (ए.)।** प्रेमनगर कुसमुंडा क्षेत्र में आधा दर्जन से भी ज्यादा युवकों ने लोहे की राड, जीआई पाइप, बेसबाल स्टीक से तीन युवकों पर हमला कर दिया था। घटना में तीनों युवक को गंभीर रूप से चोंट लगी थी। उपचार से दौरान एक युवक की मृत्यु हो गई थी। घटना में शामिल छह आरोपियों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 2700-2700 रूपये अर्थदंड लगाया है।

थाना कुसमुंडा के क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर में 8-9 अक्टूबर 2019 की रात एक बजे सामुदायिक भवन के पास 12 अन्य सह अभियुक्तगण तथा दो विधि विरुद्ध संर्घषरत बालक खड़े थे। इस दौरान वहां भानुप्रताप खुंटे, मृगेश साहू तथा सुनील सिंह पहुंचे, तब उनके मध्य विवाद हो गया और आरोपितों ने लोहे का रॉड, जीआई पाइप, बेसबाल स्टीक तथा डंडा से मारकर हमला कर दिया। इसके साथ ही सुनील सिंह की स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 12 एएल 3162 को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की रिपोर्ट भानुप्रताप खुंटे ने थाना कुसमुंडा में दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने धारा 148, 294, 506 भाग 2, 302-149, 307-149 तथा 427-149 के तहत मामला पंजीबद्ध किया। प्रकरण की विवेचना कर कुसमुंडा पुलिस द्वारा अंतिम अभियोग पत्र 20 फरवरी 2020 को द्वित्तीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक कुमार आनंद ने बताया कि आरोपितों द्वारा प्रेमनगर सामुदायिक भवन कुसमुंडा के पास सुनील सिंह, भानू प्रताप खुंटे एवं मृगेश साहू को मारपीट कर संघातिक चोंटे पहुंचाई गई। दूसरे दिन 9 अक्टूबर को सुनील सिंह की सिर में गंभीर चोंट लगने के कारण मृत्यु हो गई। इस प्रकरण के 10 आरोपित दिव्यांशु मिश्रा, प्रदीप कुमार सारथी, राकेश दास, आकाश दास, देवेन्द्र कुमार, नितेश दास, राजेश साहू, राकेश कुमार साहू, राहुल दास तथा इन्द्र कुमार यादव के विरूद्ध द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा के न्यायालय में सुनवाई हुई।

न्यायालय ने पाया कि उपरोक्त आरोपितों द्वारा मारपीट किए जाने से सुनील सिंह की मृत्यु हो गई तथा भानूप्रताप खुंटे व मृगेश साहू को संघातिक चोंटे आई। इस पर न्यायालय ने आरोपित प्रदीप कुमार सारथी, राकेश दास, देवेन्द्र कुमार बिंझवार, राजेश साहू, राकेश कुमार साहू तथा राहुल दास को धारा 294, 506 भाग दो, 148, 307-149, 302-149, 427-149 में क्रमशः एक वर्ष एवं 500 रूपये का अर्थदंड, धारा 307 में 10 वर्ष का कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड तथा धारा 302-149 में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड एवं धारा 427- 149 में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस तरह प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 2700 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया।

मामले में पुलिस ने 15 आरोपियों को चिंहांकित किया था। इसमें तीन आरोपी राहुल सोढ, राजू खैरवार तथा हीरा कश्यप पूर्व से फरार हैं तथा दो आरोपित विधि विरुद्ध संर्घषरत बालक (नाबालिग) हैं। विचारण के दौरान आरोपित दिव्यांशु मिश्रा हो गया है तथा एक विधि संघर्षरत बालक भी फरार हो चुका है जिसकी तलाश जारी है। मामले में तीन दोषमुक्त हो गए।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी




RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता




कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### जनप्रतिनिधियों के पास संलग्न कर्मचारियों की मूल विभाग में होगी वापसी

**दुर्ग।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनप्रतिनिधियों को सचिवालयीन सहायता हेतु उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उनके मूल विभाग में वापसी हेतु आदेशित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुपेला भिलाई के सहायक ग्रेड-3 दीपक कुमार नायक, शासकीय प्राथमिक शाला कृष्णा नगर सुपेला विकासखण्ड व जिला दुर्ग के सहायक शिक्षक (एल.बी.) रविशंकर साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसानगर विकासखण्ड व जिला दुर्ग के व्याख्याता राजेश कुमार पाण्डेय, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झोला विकासखण्ड एवं जिला दुर्ग के शिक्षक युवराज सिंह बेलचंदन, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई के प्रशिक्षण अधिकारी विद्युतकार भूपेश कुमार कौशिक और कार्यालय जिला योजना एवं सांख्यिकी दुर्ग के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर संतोष संगणक को संबंधित मूल विभाग में तत्काल उपस्थिति देकर जिला कार्यालय को अवगत कराने कहा गया है।

### होली के अवसर पर 25 को शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने होली (जिस दिन रंग खेला जाय) पर मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च 2024 होली के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकाने एवं लायसंस अर्थात् सी. एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट), एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ कम्पोजिट) एफ एल. 3 (होटल बार), एफएल.-3 (क), एफएल.-3 (ग), एफएल. 4 (असैनिक विनोद गृह), एफएल.-4क (व्यवसायिक क्लब), एफएल. 7/8 (सैनिक कैंटीन) एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई पूर्णतः बंद रहेंगे। आदेश का कड़ाई से पालन कराने कहा गया है।

### मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डबरापारा दक्षिण वार्ड -10, तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी दयावंती देवी की विगत 04 मई 2022 को ''टक्कर मारो और भाग जाओ'' वाहन दुर्घटना से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार कुन्दरापारा वार्ड नं 54 पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग निवासी अजय बघेल की विगत 19 फरवरी 2023 को ''टक्कर मारो और भाग जाओ'' वाहन दुर्घटना होने से उपचार के दौरान 20 फरवरी 2023 को मृत्यु हो गई थी।

### मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेलूद तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी छत्तर सिंह की विगत 12 अगस्त 2023 को सांप काटने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. छत्तर सिंह की पत्नी श्रीमती वर्षा पटेल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## महिला उद्यामिता प्रोत्साहन कार्यक्रम

# 300 से ज्यादा महिलाओं ने की भागीदारी उद्योग मंत्री लखनलाल भी पहुंचे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ लघु उद्योग भारती ने रुंगटा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी भिलाई में महिला उद्यामिता प्रोत्साहन का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र व विशिष्ठ अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। ओम प्रकाश सिंघानिया जी की अध्यक्षता में हुऐ इस कार्यक्रम में, लगभग 300 बहनों की भागीदारी रही, उन्होंने अपने स्वागत भाषण में लघु उद्योग भारती की भविष्य की योजनाओं के विषय में जानकारी दी।**






कार्यक्रम के मुख्यअथिति प्रकाश चंद्र ने अपने उद्बोधन में भारत के इतिहास में उद्योगों की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत का स्वप्न, उद्योगों के माध्यम से ही साकार हो सकेगा।

महामंत्री सीपी दुबे जी ने, मंच से,उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन जी से उद्योमियों के हितार्थ कुछ मांगों को प्रस्तुत किया, जिनमें से मुख्य रूप से एमएसएमई के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन करना है, उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि जिस तरह एमएसएमई के लिए केन्द्र में अलग मंत्रालय है, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे प्रान्तों में अलग मंत्रालय है, उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी एक अलग मंत्रालय का गठन किया जाना चाहिए।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इनकी मांगों पर अपनी सहमति जताई है और कहा कि उद्यमियों ने यहां जितनी भी मांगें रखीं है, हम उससे अधिक करने का प्रयास करेंगे। उद्योगमंत्री के सहमति पर कार्यक्रम में उपस्थित महिला उद्यमियों ने करतल ध्वनि से आभार जताया।

उद्यमी महिलाओं ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय, पूर्व अध्यक्ष वजू भाई वगासिया, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष समीर मूंदड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से गीता वर्मा (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), सरोजिनी पाणिग्रही (सुपेला महिला ईकाई),रश्मि वर्मा (भिलाई महिला ईकाई) ने अब तक किए गए अपने कार्यों का ब्यौरा दिया।

कार्यक्रम का संचालन तूलिका पाण्डे जी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यनारायण अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पुरुषोत्तम पटेल, दीपक उपाध्याय, उमेश चितलंघिया, ईश्वर पटेल, टीना सतपुते, युगबोध अग्रवाल, विजय अग्रवाल, स्मिता दोडके आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का किया औचक निरीक्षण जर्जर स्कूल भवन का मरम्मत करने दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोढ़ी, तुमाकला, घसरा व मुर्रा का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत तुमाकला एवं मुर्रा में शासकीय प्राथमिक शाला को मतदान केन्द्र के लिए चिन्हांकित किया गया है, जिसका आज कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के जर्जर भवन को मरम्मत कराने के निर्देश दिये। इस दौरान मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों को सर्व सुविधा युक्त बनाने को कहा। उन्होंने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मतदान के लिए मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखने को कहा।**

कलेक्टर ने ग्राम लिटिया में बाड़ी का निरीक्षण किया। बेमौसम बारिश व ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इस तारतम्य में कलेक्टर ने ग्राम लिटिया में बाड़ी का निरीक्षण किया। खिलोराकला के सरपंच ने कलेक्टर को बताया कि इस बार तरबूज, पपीता बाड़ी में लगाया था, बारिश और ओला वृष्टि के कारण तरबूज, पपीता सब खराब हो गये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को फसल में हुये नुकसान रकबा के हिसाब से मुआवजा राशि दिये जाने की कार्यवाही करने को कहा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रूहा में चना की फसल खराब हो जाने के कारण कृषकों को मुआवजा दिये जाने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने आरबीसी-6-4 के अंतर्गत फसल क्षति हेतु किसानों को मुआवजा दिया जाये।

कलेक्टर ने ग्राम तुमाकला में प्राथमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था किये जाने का आश्वासन दिया। गोढ़ी में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जो मतदान के लिए निर्धारित किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनके द्वारा मछली पालन, मुर्गीपालन कार्य की जानकारी ली। इसके अलावा घरेलू उपयोग हेतु सामग्री तैयार किया जाता है। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओं को पंचायत के अंतर्गत स्वसहायता समूह के माध्यम से जो भी सामग्री तैयार की जाती है, उनकी मार्केटिंग एवं ब्रांडिग कराकर विक्रय कराने के निर्देश दिये। पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत मूर्रा जल मिशन योजना के अंतर्गत प्रगतिरथ कार्यों को देखा। कलेक्टर ने पंचायत भवनों में सोलर प्लांट लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने वाटर रिचार्ज सिस्टम को देखा और उसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

ग्राम पंचायत मुर्रा, जनपद पंचायत धमधा का भ्रमण के दौरान कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय की रेट्रोफिटिंग, सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, शाला परिसर में स्वच्छता सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। ग्राम के सभी वार्डों में जहाँ नाली की सुविधा नहीं है, वहाँ सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण किये जाने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग द्वारा जानकारी दी गई कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत मुर्रा एवं आश्रित ग्राम में कुल 02 सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण किये गये है, 07 सामुदायिक सोकपिट, 10 व्यक्तिगत सोकपिट, 01 रिचार्जपिट, 03 त्रि-स्तरीय जल शुद्धिकरण इकाई, 02 सामुदायिक शौचालय, 320 व्यक्तिगत शौचालय, 09 सामुदायिक वर्मी नॉडेप, 10 व्यक्तिगत नॉडेप स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग का अभिशरण भी किया गया है। उक्त समस्त कार्यों में कुल 76.17 लाख रूपये के कार्यों की स्वीकृति कर राशि जारी की गई है। ग्राम पंचायत मुर्रा में ग्रे-वाटर मैनेजमेंट के लिये राशि रू. 9.00 लाख से वाटरएड के द्वारा डिवाट्स सिस्टम तैयार किया गया है। जिसमें घरों से निकलने वाले पानी को नाली के माध्यम से इस डिवाट्स सिस्टम में जोड़ा जा रहा है। जिससे पानी का ट्रिटमेंट कर पानी का 3 प्रकार से उपयोग किया जा सकता है। जिसमें पहला पानी को बागवानी के लिये पुनः उपयोग, दूसरा लिचपिट के माध्यम से भूजल स्तर संवर्धन किया जावेगा एवं तीसरा कृषि कार्य में उपयोग किया जा सकता है। डिवाट्स सिस्टम में फिल्टर होने के पश्चात् पानी का सी.ओ.डी. एवं बी.ओ.डी. निर्धारित मानक अनुसार प्राप्त होगा। भ्रमण के दौरान धमधा विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी सोनल डेविड , डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) गिशीर माथुरे, नागेश कुमार, सरपंच, वर्षा वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.यां.से., शुशील कुमार साहू, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, सौरभ कुमार, जिला समन्वयक, हेमा देवांगन, सुरेश कापसे, संकुल समन्वयक वाटरएड रिपुसूदन उमरे, विकासखंड समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जनपद पंचायत धमधा, हुकुमचंद बंजारे, सचिव, ग्राम पंचायत मूर्रा उपस्थित रहे।

# ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मवीरों को मिला कर्म शिरोमणि सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन 20 मार्च 2024 को किया गया। इस अवसर पर, फ रवरी 2024 के लिए उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कर्म शिरोमणि पुरस्कारों से मास्टर आपरेटर (ब्लास्ट फर्नेस) सतीष कुमार रवानी एवं ओसीटी (ब्लास्ट फ र्नेस) दिग्विजय सिंह को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कार्मिकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उनके जीवन साथी के लिए एक प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबन्धक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्य तोकदार ने अपने सम्बोधन में ब्लास्ट फर्नेस की चुनौतियों एवं संयंत्र के लाभ के लिए दैनिक कार्य में किए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों पर विशेष जोर देते हुए सभी पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने एवं अपने सहकर्मियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सहायक महाप्रबन्धक बीजू जॉर्ज ने कार्यक्रम के महत्व एवं योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य, अपने कार्य स्थल में सुरक्षा के मानक मापदंडो के साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों का सम्मान करना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत अभी तक ब्लास्ट फर्नेस विभाग से 124 कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

समारोह में अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण राजेश गायकवाड़, विवेक वर्मा, गुज्जू श्रीनिवास, विकास नशीने एवं पवन वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपने-अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कार विजेताओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके साथ अपने कार्यानुभवों को साझा किया और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अधिकारी मदन मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिरिक्त श्रमकल्याण अधिकारी श्री सोहील अहमद, ममता एवं श्रीमती दिव्या का विशेष योगदान रहा।

# ओला वृष्टि के कारण हुये फसल नुकसान का किसानों को मिलेगा मुआवजा, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर का निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दो दिवस जिले में हुई बारिश से हुए फसल नुकसान की जायजा लेने किसानों के खेतों तक पहुंची। इस दौरान कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी साथ मौजूद थे। कलेक्टर चौधरी ने विकासखण्ड धमधा से बारिश प्रभावित गांव तुमाकला एवं खिलोराकला का भ्रमण कर कृषकों से रू-ब-रू चर्चा कर फसल क्षति के संबंध में जानकारी ली।**



उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों को प्रभावित गांवों में फसल क्षति का आंकलन शीघ्र पूर्ण कर कृषक सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रकरण तैयार कर मुआवजा/क्षतिपूर्ति की देने कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, चना एवं राई फसले अधिसूचित है। उक्त में 42253 हेक्टेयर क्षेत्र के 29408 कृषकों का फसल बीमा आवरण किया गया है। जिले में स्थानीय आपदा अंतर्गत असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि के कारण रबी फसलों यथा चना एवं गेंहू फसल को क्षति हुई है। जिसमें विकासखण्ड धमधा के 127 ग्रामों में 9769.17 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र में से चना फसल रकबा 4691.55 हेक्टेयर में लगभग 56 प्रतिशत एवं गेंहू फसल रकबा 5077.62 हेक्टेयर में लगभग 40 प्रतिशत क्षति हुई है।

उप संचालक कृषि एल.एम. भगत ने बताया कि कृषि विभाग के संयुक्त संचालक आर.के. राठौर एवं वे स्वयं धमधा विकासखण्ड के ग्राम घोठा, नंदवाय और हिरेतरा में कृषकों के प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर उपस्थित कृषकों को स्थानीय आपदा से हुए क्षति की जानकारी 72 घंटे भीतर देने हेतु बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर सूचना देने की समझाईश दी गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित कृषकों को स्थानीय आपदा की स्थिति यथा अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जलप्लावन, बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से अधिसूचित फसल में नुकसान होने पर क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। कृषक को क्षति पूर्ति का लाभ लेने हेतु बीमा कंपनी एचडीएफसी ईरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के टोल फ्री नम्बर 1800-266-0700 एवं 14447 तथा व्हाटसप नम्बर 7304524888 पर सीधे सूचना दे सकते है। इसके अलावा स्थानीय कृषि/राजस्व अधिकारी, संबंधित बैंक या जिला कृषि/राजस्व अधिकारी को लिखित रूप से निर्धारित समय-सीमा में 72 घण्टे के भीतर बीमित फसल के ब्यौरा जैसे क्षति की मात्रा एवं क्षति के कारण सहित सूचित कर सकते है।

# एआरओ ने ली सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर, सुपरवाइजर, बीएलओ की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में भारत निर्वाचन आयोग तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 67-अहिवारा (अ.जा.) के एआरओ सोनल डेविड द्वारा सेक्टर ऑफि सर, सुपरवाइजर, बीएलओ की संयुक्त बैठक नंदिनी नगर कालेज एवं भिलाई 03 कालेज में ली गई। बैठक में मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने तथा भरी गर्मी के समय मतदान तिथि 07 मई को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्र में पीने का पानी की पर्याप्त व्यवस्था ,शाइनएज लगाए जाने, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रेम्प व व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, महिला-पुरुष मतदाता हेतु पृथक-पृथक शौचालय के उपाय करने हेतु निर्देश दिए स सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित कर अपने सेक्टर के अंतर्गत रूट



मैप अनुसार मौका जाकर मूलभूत जानकरी एकत्रित करने निर्देशित किया, सम्पूर्ण ट्रेनिंग में तहसीलदार धमधा एवं नायब भिलाई 03 सहित मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिए जाने में सहयोग किया।

सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि दिनांक 01 अप्रैल 2024 की कट ऑफडेट की स्थिति में जिस व्यक्ति का उम्र 18 साल पूरा हो रहा है. ऐसे सभी व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में अवश्य जोड़ें. उनका प्री एप्लीकेशन क्ष्ह्ह डुश्चश्च के माध्यम से आगामी एक सप्ताह में भरकर पूर्ण करें. ऐसे व्यक्ति स्वयं भी आदि के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं. जिससे आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान से वंचित न हो। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अहिवारा विधानसभा हेतु नियुक्त सभी उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल के सभी दल प्रमुख व सदस्यों की बैठक भी इस दौरान लिया गया एवं उन्हें भारत निर्वाचन आयोग एवं रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी महो. दुर्ग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप एसओपी का पालन करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950